दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 63 जयपुर, रविवार, 11 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- द्वितिया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## पाक चुनाव... हिंसा: इमरान की पार्टी पीटीआई के समर्थकों की बड़ी जीत... फायरिंग में 2 इमरान समर्थक मरे

# धमाकेदार प्रदर्शन... इमरान को 12 मामलों में मिली जमानत

एजेंसी। इस्लामाबाद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 12 मामलों में कोर्ट से जमानत मिल गई है। पाकिस्तान की एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने बीते साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित 12 मामलों में इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी की जमानत मंजूर की है।

इन मामलों में जमानत के बावजूद इमरान खान और कुरैशी जेल में ही रहेंगे। इस बीच, मंथर गति से चल रही मतगणना में



265 में से 255 सीटों के नतीजों का ऐलान हो चुका है, 10 पर अभी पेच फंसा है। इन नतीजों में इमरान की पीटीआई समर्थकों ने 92, नवाज शरीफ की पार्टी ने 73 और पीपीपी ने 54 और अन्यों ने 36 सीटों पर जीत हासिल की है। जबकि इमरान के समर्थकों का आरोप है कि नतीजे बदले गए हैं, यहां तक कि एक 80 हजार वोटों से आगे चल रहे इमरान समर्थक प्रत्याशी को पराजित घोषित कर दिया गया।

वहीं, इमरान की बड़ी बहन अलीमा ने आशंका जताई है कि सेना इमरान की हत्या कर सकती है। इधर, किसी भी दल को बहुमत 134 सीट नहीं मिलने से त्रिशंकु सरकार बननी तय लग रही है।

### बिलावल ने भी लगाए धांधली के आरोप

इस बीच, जेल में कैद इमरान की PTI और बिलावल की PPP ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिए गए हैं, जबकि एक सीट NA-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी। बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं।

### बिना PPP सरकार बनाएंगे नवाज!

पाकिस्तान में सियासी उठापटक के बीच सूत्रों ने दावा किया है कि नवाज की पार्टी PML-N बिलावल की पार्टी PPP के बिना सेंटर और पंजाब प्रांत में सरकार बनाने का विकल्प तलाश रही है। बताते हैं, शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बनेंगे। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए 134 सीटों की जरूरत है। इसके लिए 34 निर्दलीय उनके संपर्क में हैं। सरकार बनवाने की जिम्मेदारी शाहबाज शरीफ को दी गई है। MQM, IPP, JUI को भी गठबंधन में शामिल किया जा सकता है।

### बहन का दावा- इमरान की जिंदगी को खतरा

इमरान की बहन अलीमा खान का कहना है कि उनके भाई ने चुनाव जीत रहे हैं, इसलिए सेना उनकी जेल में ही हत्या करवा सकती है। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े लूट हो रही और वोट चुराए गए हैं। नवाज शरीफ की पार्टी 50-60 सीटें ही जीत रही है और इसमें भी चोरी हुई है।

## जरूरी खबर

### पद्मश्री ग्रहण करने से पहले ही पंडित तैलंग का निधन



**जयपुर।** सरकार द्वारा 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर घोषित पद्मश्री पुरस्कार में शामिल ध्रुपदाचार्य पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग ने शनिवार सुबह 9 बजे 93 वर्ष की उम्र में दुर्लभजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका निमोनिया और अन्य बीमारियों का इलाज चल रहा था। उनकी बेटी और ध्रुपद गायिका प्रोफेसर मधु भट्ट तैलंग ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से पंडितजी की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

### JNVU वीसी का नाटकीय घटनाक्रम में इस्तीफा



**जोधपुर।** जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी (JNVU) के कुलपति केएल श्रीवास्तव को एबीवीपी के प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा देने को विवश कर दिया। जब वे सरकारी कार से जाने लगे तो छात्रों ने विरोध के बाद वे पैदल ही रवाना हो गए। श्रीवास्तव के इस्तीफे को लेकर 2 घंटे तक नाटकीय घटनाक्रम चला। एबीवीपी की ओर से सुबह 11:30 बजे से 74 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन चल रहा था। तभी वीसी विवि पहुंचे, तो प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बाहर ही रोक दिया तो पैदल जाना पड़ा, फिर उन्हें जमीन पर बैठ इस्तीफा लिखा। -पेज 4 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## PM मोदी का 17वीं लोकसभा में आखिरी संबोधन, बोले...

# देश में 5 साल रहे रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के

### अगली पीढ़ी न्याय संहिता के साथ जीएगी

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा विषय पर चर्चा हुई। संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन अपने आखिरी संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बीते पांच साल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बारे में कहा, पांच साल के कार्यकाल में आपका चेहरा मुस्कान से भरा रहता था। चाहे कुछ भी हो, आपके मुस्कान में कमी नहीं आई। मुझे विश्वास है कि देश 17वीं लोकसभा को पूरा देश आशीर्वाद देगा। पीएम मोदी ने कहा, 'कोरोना काल में भी सदन का काम चलता रहा। मैं इसकी प्रशंसा करता हूं।'

मोदी ने कहा, '5 साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे, देश 17वीं लोकसभा को आशीर्वाद देता रहेगा... इन 5 वर्ष में सदी का सबसे बड़ा संकट मानव जाति ने झेला, कौन बचेगा, कौन नहीं, कोई किसी को बचा पाएगा या नहीं... घर छोड़कर निकलना भी मुश्किल था, उसके बाद भी संसद बैठी, स्पीकर ने देश का काम रुकने नहीं दिया।'

पीएम मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन को कहा, '...आप सदैव मुस्कुराते थे। कई मौकों पर संतुलित और निष्पक्ष तरीके से इस सदन का मार्गदर्शन किया, इसलिए मैं आपकी सराहना करता हूं। गुस्से, आरोप-प्रत्यारोप के क्षण आए लेकिन आपने धैर्यपूर्वक स्थिति को नियंत्रित किया और सदन चलाया और हमारा मार्गदर्शन किया। मैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं।'



### पांच साल में किए गए कई अहम निर्णय

पीएम मोदी बोले, 'आज का ये दिवस लोकतंत्र की एक महान परंपरा का महत्वपूर्ण दिवस है। 17वीं लोकसभा ने 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया।'

### राष्ट्र को G20 से विश्व में मिला सम्मान

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत को G20 की अध्यक्षता का अवसर मिला। भारत को बहुत बड़ा सम्मान मिला। देश के हर राज्य ने भारत की क्षमता और अपनी पहचान दुनिया के सामने रखी। इसका प्रभाव आज भी दुनिया के मानस पटल पर है।'

### कोरोना में भी चली संसद

पीएम मोदी ने कहा, कोरोना के संकट में सांसदों ने अपने आचरण से समाज को विश्वास करने के लिए अपनी सैलरी से 30 प्रतिशत की कटौती का फैसला खुद किया। सभी सांसदों ने बिना कारण साल में दो बार हिंदुस्तान के मीडिया के किसी न किसी कोने में गाली खाते रहते थे कि इतना मिलता है लेकिन कैंटीन में खाते हैं। आपने (स्पीकर) ने निर्णय किया कि सबके लिए समान रेट होगा कैंटीन में और सभी सांसदों ने बिना विरोध किए स्वीकार किया। पांच सालों में देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए: पीएम मोदी

### पूरा करेंगे विकसित भारत का संकल्प

पीएम मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीति की गहमागहमी अपनी जगह है, लेकिन देश की आकांक्षा, देश का सपना, देश का संकल्प बन गया है कि आने वाले 25 साल में देश इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। मैं आज देख रहा हूं कि देश में जज्बा पैदा हुआ है कि 25 साल में विकसित भारत बनेगा। कुछ लोगों ने सपने को संकल्प बना लिया है, कुछ देर कर रहे हैं लेकिन जुड़ेंगे वे भी। जो न सपने से जुड़े हैं न संकल्प से, वे भी तब फल खाएंगे ही खाएंगे।' मोदी ने कहा, '75 वर्षों तक हम अंग्रेजों द्वारा दी गई दंड संहिता के साथ रहे। नई पीढ़ी से हम गर्व से कह सकते हैं कि देश भले ही 75 साल तक दंड संहिता के अधीन रहा हो, लेकिन अगली पीढ़ी न्याय संहिता के साथ जीएगी। उन्होंने कि बीते पांच साल में मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई गई।

### चुनाव दूर नहीं, कुछ लोग घबरा सकते हैं

पीएम मोदी ने कहा, 'चुनाव बहुत दूर नहीं हैं, कुछ लोग घबरा सकते हैं, लेकिन यह लोकतंत्र का एक अनिवार्य पहलू है। हम सभी इसे गर्व से स्वीकार करते हैं।' मेरा मानना है कि हमारे चुनाव देश का गौरव बढ़ाएंगे और लोकतांत्रिक परंपरा का पालन करेंगे - जिससे दुनिया आश्चर्यचकित है।'

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने *पंजाब के फिरोजपुर फीडर की रिहैबिलिटेशन पर बैठक की*

# राजस्थान में सिंचाई के लिए जल आपूर्ति पर की चर्चा

### श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र के किसानों ने भी की शिरकत

- पंजाब और राजस्थान के अधिकारियों को केंद्रीय जल आयोग को प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेजने के निर्देश

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पंजाब में हरिके बैराज से निकलने वाले फिरोजपुर फीडर के पुनर्वास पर शनिवार को नई दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान फिरोजपुर फीडर के माध्यम से राजस्थान में सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें सांसद निहाल चंद, विधायक जयवीर सिंह बराड़, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष, कुशविंदर वोहरा, सीडब्ल्यूसी, राजस्थान के जल संसाधन विभाग और पंजाब के सिंचाई विभाग के अधिकारी, राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र के किसानों के साथ उपस्थित थे।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा फिरोजपुर फीडर (51 किमी लंबी) की रिहैबिलिटेशन और रीलाइनिंग के लिए केंद्रीय जल आयोग को सौंपी गई प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई है। यह नहर बीकानेर नहर को पानी की आपूर्ति करती है, जिससे राजस्थान के गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों को लाभ होता है। बैठक में पंजाब और राजस्थान के अधिकारियों को जल्द से जल्द डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट केंद्रीय जल आयोग को सौंपने के निर्देश दिए गए।



### CWC को जल्द जांच कर अनुमोदन का कहा

शेखावत ने सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द प्रस्तुत किए गए डीपीआर की जांच करें और बाद में डीओडब्ल्यूआर, आरडी और जीआर की सलाहकार समिति द्वारा अनुमोदन करें। उपरोक्त के अलावा, पानी और सिंचाई से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# आरपीएससी ने डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलाने वाले को किया पुलिस के सुपुर्द

बेधड़क। अजमेर

आरपीएससी द्वारा वरिष्ठ अध्यापक-विज्ञान (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में जालसाजी कर डमी कैंडिडेट को परीक्षा दिलवाने वाले अभ्यर्थी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी अभ्यर्थी एवं अन्य संलिप्तों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा में आरोपी अभ्यर्थी प्रेमराज पुत्र बाबूलाल, निवासी ग्राम तिलवासनी, तहसील पीपाड़ सिटी-जोधपुर द्वारा षड्यंत्रपूर्वक मूल प्रवेश-पत्र में जारी फोटो को परिवर्तित कर स्वयं के स्थान पर अन्य व्यक्ति को परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा-2022 के तहत ग्रुप-बी के लिए सामान्य ज्ञान एवं शैक्षणिक मनोविज्ञान परीक्षा 12 फरवरी एवं विज्ञान विषय की परीक्षा 14 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी। इसमें रोल नंबर 3304747 के अभ्यर्थी प्रेमराज को जोधपुर शहर में एक परीक्षा केन्द्र जयनारायण व्यास गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं दूसरा गवर्नमेंट नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल आवंटित किए गए थे।



## भारत रत्न के नियम

# पहली बार एक साथ पांच लोगों को दिया जा रहा सर्वोच्च सम्मान

- कर्पूरी ठाकुर, लाल कृष्ण आडवाणी, नरसिम्हा राव, स्वामीनाथन और चरण सिंह होंगे सम्मानित
- इससे पूर्व 1999 में नवाजा गया था चार हस्तियों को
- सम्मान के साथ कोई नकद राशि नहीं दी जाती

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार ने शुक्रवार को तीन लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की। इसमें दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव और भारत के हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन के नाम शामिल हैं। इससे पहले दिग्गज भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान हो चुका है। यह पहली बार है जब एक ही साल में पांच लोगों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का निर्णय लिया गया है।




### 1954 से हुआ शुरू... सर्वोत्तम कार्य के लिए

दरअसल, भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो साल 1954 में शुरू किया गया था। किसी भी क्षेत्र में किए गए सर्वोत्तम कार्य के सम्मान के लिए भारत रत्न दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिश प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती है। साल 2024 से पहले तक कुल 48 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका था। इस बार पांच लोगों का नाम है, जबकि इससे पहले 1999 में सर्वाधिक चार हस्तियों जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रोफेसर अमर्त्य सेन, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत) और पंडित रवि शंकर को मिला था।

### एक साल में अधिकतम कितनों को यह सम्मान

गृह मंत्रालय उल्लेख करता है कि वार्षिक पुरस्कारों की संख्या एक वर्ष विशेष में अधिकतम तीन तक सीमित है। इस पुरस्कार के प्रदान किए जाने के समय प्राप्तकर्ता को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र) और एक प्रतीक चिह्न दिया जाता है। इस पुरस्कार में कोई मौद्रिक अनुदान नहीं दिया जाता। अलबत्ता, सुविधाएं और सम्मान अवश्य मिलता है। संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार इस पुरस्कार को प्राप्तकर्ता के नाम के आगे या पीछे उल्लिखित नहीं किया जा सकता जैसे- भारत रत्न ... (नाम)। वैसे, विजिटिंग कार्ड या बायोग्राफी में प्राप्तकर्ता 'राष्ट्रपति द्वारा भारत रत्न से सम्मानित' या 'भारत-रत्न प्राप्तकर्ता' लिख सकते हैं।

### सम्मानित होने वालों को क्या मिलती हैं सुविधाएं

वैसे तो इसके लिए कोई लिखित निर्देश नहीं हैं। अलबत्ता, भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति जिस भी राज्य में जाता है, वहां की सरकार उनका स्वागत राज्य के अतिथि के रूप में करती है। उन्हें परिवहन, बोर्डिंग और राज्य में ठहरने की सुविधा दी जाती है। नियम के आधार पर विस्तारित सुरक्षा भी दी जाती है। इसके अलावा, उन्हें अहम सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होने के न्योता भी मिलता है। वे संसद की बैठकों में भी शामिल हो सकते हैं।

## जरूरी खबर

### प्रदेश की सभी 25 सीटें जीतेगी भाजपा: सैनी



**बेधड़क. जयपुर।** लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में भाजपा ने शनिवार को ओछड़ी स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा कार्यालय की शुरुआत की। पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी ने कार्यलय की शुरुआत की। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री सैनी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी फिर से प्रदेश की 25 सीट जीतने में कामयाब रहेगी। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भूलकर पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया।

### परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी नियुक्त

**बेधड़क. जयपुर।** मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मुख्यालय पर बैठने वाले अधिकारी जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों, शहरी पेयजल परियोजनाओं सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता जांच एवं मॉनिटरिंग अब फील्ड में जाकर करेंगे। ये अधिकारी जिलों एवं मुख्यालय के बीच समन्वयक बनेंगे ताकि फील्ड में आ रही समस्याओं का समय पर निदान हो सके। सरकार ने परियोजनाओं में गुणवत्ता बनाए रखने एवं रेगुलर सुपरविजन के लिए 10 संभागों के साथ ही प्रत्येक जिले का एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### शिक्षा मंत्री ने भरतपुर में किया स्कूल का दौरा



**बेधड़क. जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज अचानक जिले के गोपालगढ़ स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल पहुंचे और सभी क्लासों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान सर्दी के मौसम में बच्चे मंत्री के सामने ही जमीन पर बिछे फर्श पर बैठकर पढ़ते नजर आए। मंत्री दिलावर ने बच्चों को पढ़ाने के साथ ही बच्चों से कई सवाल भी किए। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी स्कूल का टैग तो लगा दिया, लेकिन टीचर नहीं दिए। यह उचित नहीं है। स्कूल में छात्रों के लिए फर्नीचर नहीं होने पर राज्यमंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यहां के भामाशाहों से निवेदन करूंगा कि बच्चों के लिए टेबल-कुर्सियों की व्यवस्था करें। हम शिक्षा का प्रबंधन ठीक करने का प्रयास करेंगे।

---

**पांच फरवरी को पकड़े गए बांग्लादेशी मोहम्मद मेहमूद को लेकर जोधपुर पहुंची एटीएस**

# नाम बदलकर रह रहे बांग्लादेशियों के ठिकानों पर दी दबिश

**बेधड़क | जयपुर**

शनिवार को जैसलमेर में एटीएस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। यह सर्च ऑपरेशन उन बांग्लादेशियों के ठिकानों पर चलाया गया जो नाम बदलकर यहां रह रहे थे। मालूम हो कि बीते दिनों जोधपुर से एटीएस ने एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया था। जिसे लेकर टीम आज जैसलमेर पहुंची और संदिग्ध जगहों पर तलाशी अभियान चलाया।

ATS की टीम ने किशोर कुमार बनकर काम करने वाले बांग्लादेश के मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू को नाम बदलकर फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में रहने के मामले में जोधपुर से पकड़ा था। जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को जयपुर ATS ने 63 वर्षीय बांग्लादेशी मोहम्मद मेहमूद आलम टुलु उर्फ किशोर को जोधपुर से पकड़ा था। उसके फर्जी दस्तावेज बनाने वाले 2 अन्य युवकों को भी जयपुर से पकड़ा है।




### एटीएस ने जुटाई जानकारी

जैसलमेर के एक होटल में बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद मेहमूद ने काम किया था, उस होटल के स्टाफ व इससे जुड़े लोगों से टीम ने पूछताछ की। वही स्थानीय लोगों से भी किशोर कुमार उर्फ मोहम्मद मेहमूद के बारे में बात की गई।इतना ही नही बांग्लादेशी जैसलमेर में जंहा ठहरा करता था,उन तमाम ठिकानों पर भी टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर तलाशी ली है और कुछ सामान भी जब्त करने की सूचना मिली है।

### कोरोना के दौरान बांग्लादेश गया

ATS मे इस मामले को लेकर जब मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू से इंट्रोगेशन की तो पता चला कि किशोर कुमार बचपन में काम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान गया था। जिसके बाद वो वहां रहने लगा और पाकिस्तानी महिला से शादी की। कोरोनाकाल के चलते अपनी सम्पति संबंधित मामले में बांग्लादेश गया था, जहां से व बांग्लादेशी पासपोर्ट और वीजा से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। भारत में फर्जी नाम बताकर दिल्ली, अमृतसर और राजस्थान में रहने लगा। इस दौरान उसने होटलों में काम किया।

### फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के बताए नाम

जानकारी के बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद ने पकड़े जाने के बाद पूछताछ में फर्जी दस्तावेज बनाने बाले दो युवकों के संबंध में बताया था, जिसके बाद दोनों ही युवकों ATS ने पकड़ कर पूछताछ की है। बहरोड़-कोटपूतली के रहने वाले दीपक यादव को पकड़ा था, वही जयपुर के जवाहर नगर में बांग्लादेशी वाले आरोपी परमानन्द भेरवानी उर्फ नन्दू को भी गिरफ्तार किया है।

### डॉक्यूमेंट देखकर हुआ शक

ATS ने बांग्लादेशी और 2 फर्जी कागजात बनाने वाले खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर तीनों को 5 दिन के रिमांड पर भेजा गया है। ATS अब तीनों से फर्जी डॉक्यूमेंट को लेकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान मोहम्मद मेहमूद बीमार हुआ और वो जोधपुर इलाज करवाने गया।जोधपुर के MDM हॉस्पिटल में किशोर व उसके पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज में नाम गलत होने से स्टॉफ को सक हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई,जिसके बाद ATS ने मोहम्मद को पकड़ा।

---

**सीएम भजनलाल शर्मा ने ली पाली संभाग की समीक्षा बैठक**

# जनहित के कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: CM

**बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों गति देने के दिए निर्देश**

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

शर्मा शनिवार को सिरोही जिले में आबू रोड स्थित सेटेलाइट जनजातीय केन्द्र में पाली संभाग के उच्चाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों की पालना करें ताकि आमजन का सरकार के प्रति विश्वास बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करेगी तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई करने, परिवादों के त्वरित निस्तारण, उनकी मॉनिटरिंग करने तथा फीडबैक लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति, चिकित्सा सुविधाएं, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कानून-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा को अपना ध्येय मानते हुए प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन प्रयासों को धरातल पर उतारने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने आप को सौभाग्यशाली समझें कि उन्हें जनसेवा करने का अवसर मिला है। बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जिला प्रमुख अर्जुन राम, पाली संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, डीआईजी पाली रेंज ओमप्रकाश, सिरोही, पाली, सांचौर एवं जालोर जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### जनसुनवाई का समय हो तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से कम से कम एक घंटा जनसुनवाई करें, ताकि परिवादियों को अपनी समस्याओं को लेकर राजधानी नहीं आना पड़े। अधिकारी अपने कार्यालय में जनसुनवाई का समय तय करें तथा इसे स्पष्ट रूप से कार्यालय की दीवार पर दर्शाएं। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का पूर्ण संतुष्टि के साथ त्वरित निस्तारण करें तथा जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक जनसुनवाई की रिपोर्ट नियमित रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

### कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें

शर्मा ने कहा कि उच्चाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में नियमित रूप से दौरे कर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधित मामलों को भी जल्द सुलझा कर आमजन को राहत प्रदान करें। साथ ही, ऐसे लंबित मामलों की सूची बनाकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही, सभी जिलों में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की तैयारियां सुचारू रखने के संबंध में भी निर्देश दिए।

### मानवता की सेवा में महती भूमिका निभा रहा मजदूर वर्ग

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति मजदूर संघ का वैचारिक आधार है तथा यह वर्ग मानवता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि होना चाहिए तथा इसी अवधारणा से विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को आबू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम शांतिवन में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 25वें प्रदेश अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस समय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सिर्फ घोषणाएं ही नहीं करेगी बल्कि संकल्प पत्र में किए गए हर एक वादे को धरातल पर उतारेगी।

---

**किचन में साफ-सफाई और खाने की क्वालिटी जांची**

## एसीएस ने अस्पतालों में किया निरीक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के दौरे के बाद अब प्रशासन के दूसरे उच्च अधिकारी भी अपने-अपने विभागों में दौरा कर व्यवस्थाएं देखने में जुट गए। हेल्थ डिपार्टमेंट की एसीएस शुभ्रा सिंह के निर्देश पर शनिवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के कमिश्नर शिव प्रकाश नकाते और संयुक्त सचिव ने सांगानेरी गेट स्थित महिला अस्पताल, जेके लोन हॉस्पिटल और जयपुरिया हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन को देखते हुए उन्होंने काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। एसीएस शुभ्रा सिंह खुद महिला अस्पताल गईं, जहां उनके साथ एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव बगरहट्टा समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।



एसीएस ने हॉस्पिटल में भर्ती महिला मरीजों के वार्ड में जाकर उनकी स्थिति देखी और उनसे फीडबैक लिया। एसीएस ने हॉस्पिटल में बने कुछ टॉयलेट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की खराब स्थिति देखी तो उसे ठीक करवाने के लिए कहा। इससे पहले उन्होंने हॉस्पिटल में मौजूद किचन का राउंड करके वहां की साफ-सफाई और खाने की क्वालिटी को देखा। उन्होंने बताया कि तीन हफ्ते पहले जब हमारी टीम यहां आई थी, तब 60 फीसदी टॉयलेट गंदे थे, आज उनमें से 25 फीसदी में बेहतर सुधार हो चुका है। एसीएस के अलावा कमिश्नर शिव प्रकाश नकाते ने जे.के. लोन हॉस्पिटल का दौरा किया और वहां की ओपीडी की व्यवस्था देखी। उन्होंने भी यहां ओपीडी और रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी भीड़ को देखते हुए इसे कम करने पर काम करने के निर्देश दिए।

### देवनानी की गडकरी से नागपुर में मुलाकात



*जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गडकरी ने अपनी पुस्तक अनमास्किंग इंडिया की प्रति देवनानी को भेंट की।*

---

## खबरों में बेधड़क खबर

### टाइगर साहब बिना सूचना के गायब



जिले में तैनात एक टाइगर साहब अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दिए बिना ही जिले से गायब हो जाते हैं। साहब की लोकेशन की खबर न तो जिले के अधिनस्थों को रहती है और ना ही हेडक्वार्टर में। टाइगर साहब की पोस्टिंग इन दिनों हाल ही में बनी रैंज के एक जिले में है। साहब शौकीन मिजाज के हैं। ऐसे में कई मायने निकाले जा रहे हैं। टाइगर साहब पर पहले भी एक कर्मी ने गंभीर आरोप लगाए थे। लेकिन तब तत्कालीन विक्टर ने मामले को संभाल लिया था और साहब फिर से जिले में पोस्टिंग लेने में कामयाब हो गए थे।

### प्रोबेशनर पीटर के सामने अनकंट्रोल गामा



राजधानी में प्रोबेशनर पीटर साहब अपने इलाके के गामा रैंक के अफसरों पर कंट्रोल करने में फेल हो गए हैं। इसकी भनक जब एमआई रोड वाले मुख्यालय में बैठने वाले बड़े साहब को लगी तो पीटर की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई। दरअसल, इलाके में लगे एक गामा साहब तो पीटर के हर आदेश को नजर अंदाज कर देते हैं और मनमाफिक निर्णय करते हैं। ऐसे में पीटर साहब भी गामा का कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे और फिर उच्च अधिकारियों के सामने अपना दुखड़ा बताकर खुद की फजीहत करा रहे हैं। चर्चा है कि जब साहब सर्किल ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो जिला कैसे संभालेंगे।

### साहब की शिकायतों की चर्चा



लालकोठी वाले सात मंजिला भवन में बैठने वाले एक साहब की दबंगई और ईमानदारी की आमजन ही नहीं बल्कि खाकी के हर अफसर चर्चा करते हैं। अकसर भ्रष्ट व बदमाश साहब के निशाने पर रहते हैं, लेकिन साहब की पोस्टिंग को लेकर जिलों व रेंज में तैनात कुछ बड़े साहब पशोपेश में है। ऐसे में साहब के खिलाफ अफसरों ने एक शिकायत का एजेंडा बना लिया है। चर्चा है कि साहब के खिलाफ पिछले एक माह में लालकोठी वाले भवन और सचिवालय के पॉवर सेंटर वाले भवन में कई शिकायते पहुंची हैं। शिकायतों में साहब पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिनके अब लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले अफसर कई मायने निकाल रहे हैं।

### भू-कारोबारी कर रहे लॉयन की आय को इन्वेस्ट



लॉयन साहब की नजर इन दिनों जयपुर में है। साहब की कार्यशैली पहले तो साफ छवि के अफसरों में मानी जाती थी, लेकिन लॉयन की पहले वाली पोस्टिंग में आदतें बिगड़ गई। साहब के फिटनेस सेंटर से लेकर जमीनों का कारोबार करने की चर्चा इनदिनों जोरों पर है। चर्चा है कि साहब के सेवा शुल्क की इनकम का पूरा इन्वेस्ट भू-कारोबारी कर रहा है। जिसके इशारे पर साहब ने कुछ दिनों पहले एक प्लाट पर उसकी व खाकी की मौजूदगी में कब्जा भी कराया था। ऑफिस में साहब व भू-कारोबारी की होने वाली मीटिंगों को लेकर गपशप तेज हुई तो कारोबारी की मीटिंग कम होने लगी है और वाट्सएप के जरिए ही कारोबार को फैलाया जा रहा है।

**-ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

---

**पीएम मोदी के आर्थिक प्रबंधन और आर्थिक दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ रहा है देश**

# कांग्रेस राज में युवा और किसानों में व्याप्त थी गहरी निराशाः चतुर्वेदी

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर कुप्रबंधन और घोटालों का आरोप लगाया है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं यूपीए कार्यकाल में आर्थिक कुप्रबंधन और घोटालों के कारण अर्थव्यवस्था रसातल की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी किया है। श्वेत पत्र में वर्ष 2004 से 2014 और 2014 से लेकर 2024 के कालखंड की आर्थिक तुलना की गई है। वर्ष 2014 में केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद देश में संसाधनों का उपयोग राष्ट्रहित में होने लगा। वहीं विकसित भारत 2047 का संकल्प लेकर उस दिशा में अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं।



### पेट्रोल की कीमतों में दुगनी वृद्धि मिली

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण देश को पेट्रोल की कीमतों में दुगुनी वृद्धि मिली। उन्होने कहा कि 2004 में जो पेट्रोल 36 रूपये 81 पैसे में मिलता था वह 2014 में 72 रूपये 26 पैसे में मिलने लगा। कांग्रेस के यूपीए कार्यकाल में जो तेल के दामों में वृद्धि 96 प्रतिशत से ज्यादा थी वह पीएम मोदी के नेतृत्व में 30 प्रतिशत से भी कम रही है।

### विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि देश ने वह समय भी देखा है जब कांग्रेस की सरकार थी और उसी पार्टी के एक नेता अपने बिलों को संसद में सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया करते थे। वहीं आज अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम की भावना से देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में काम हो रहे हैं। यूपीए सरकार के समय देश में बैंको का ऋण घाटा बढ़ता गया लेकिन 2014 में जब से भाजपा सरकार केंद्र में आई स्टार्टअप, मुद्रा योजना जैसे कदम उठाए गए। उन्होने कहा कि जीएसटी संग्रहण 9 हजार करोड़ से बढ़कर 1.7 लाख करोड़ हो गया। जहां देश में 2014 से पहले युवाओं और किसानों में निराशा का भाव था मोदी सरकार आने के बाद देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। आईएमएफ ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### आधारभूत ढांचे में हुआ बदलाव

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में संस्थागत भ्रष्टाचार बढ़ा जिसमें कोयला घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला जैसे बड़े घोटाले हुए और अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। 2014 के बाद आधारभूत ढांचे में बदलाव हुआ और जहां प्रतिदिन 12 किलोमीटर प्रतिदिन सड़कें बन रही थी बढ़कर 27 किलोमिटर प्रतिदिन सड़कों का जाल बिछाया जाने लगा। पीएम आवास की बात करें तो यूपीए के दस साल के कार्यकाल में 2.1 करोड़ आवास बने वहीं एनडीए के आठ साल में 2.6 करोड़ आवास बने। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की पेंशन योजना लाने का काम करने वाली केंद्र की मोदी सरकार ने जनधन खाते, ग्रामीण विद्युतीकरण बढ़ाया और दिसंबर 2018 में ग्रामीण विद्युतीकरण को पूरा किया गया।

## जरूरी खबर

### नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती अभ्यर्थियों का धरना समाप्त



**जयपुर।** नर्सिंग-पैरामेडिकल सहित चिकित्सा विभाग में अन्य पदों की भर्ती को पूरा कराने को लेकर शीफू के बाहर 23 दिन से अभ्यर्थियों का चल रहा धरना शुक्रवार देर रात को समाप्त हो गया। सरकार और अधिकारियों के आश्वासन के बाद संघर्ष समिति ने एक मत होकर अनिश्चितकालीन धरने को 7 दिवस के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर सरकार वादा खिलाफी करती है तो 7 दिन बाद योजना से प्रत्येक जिले से लेकर ब्लॉक स्तर पर संघर्ष को तेज किया जाएगा। वार्ता में भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा, उदय सिंह मीना, अनुराग नेहरा आदि शामिल हुए।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन

**जयपुर।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भवः अभियान एवं राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पीएचसी/उपस्वास्थ्य केंद्र) में शनिवार को स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। इन हैल्थ मेलों में आमजन ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य लाभ लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु प्रत्येक शनिवार को हैल्थ मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन हैल्थ मेलों में आमजन बड़ी संख्या में स्वास्थ्य-लाभ ले रहे हैं। शनिवार को आयोजित हैल्थ मेलों में मरीजों का स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि हैल्थ कैम्प में जांच एवं उपचार के साथ मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**बैरवा समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में बोले डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा...**

# सामाजिक एकता और शिक्षा के बल पर सब कुछ संभव

**बेधड़क । जयपुर**

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि एकता और शिक्षा के बल पर सब कुछ किया जा सकता है। सामाजिक एकता के साथ-साथ सामाजिक समरसता बनाने के लिए पूरे समाज को एकता का परिचय देना चाहिए। यह ऐसी एकता होनी चाहिए, जिससे दूसरे समाज भी प्रेरणां लें और उसे अपना सके। उपमुख्यमंत्री बैरवा शनिवार को पिंकसिटी प्रेसक्लब में आयोजित प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के नव निर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।




फोटो: पंकज शर्मा

**समाज के लिए हमेशा तैयार**

विशिष्ट अतिथि खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बैरवा समाज की एकता का ही असर है कि प्रदेश में समाज के सात विधायक जीत कर आए और डिप्टी सीएम का पद इस समाज को मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। केशोराय पाटन विधायक सीएल प्रेमी ने कहा कि अनुसूचित जाति की समस्याओं के लिए बैरवा समाज के विधायक हमेशा खड़े रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेश धावनिया ने की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी मांगीलाल बैरवा, राजकुमार कुँवाल, राजेन्द्र कुमार बैरवा, एड. राकेश धवन, पं. लक्ष्मीचन्द, सीताराम बैरवा, सुभाष जारवाल, भवानी कुमार बैरवा, नन्दलाल बैरवा, प्रहलाद बैरवा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### समारोह में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बैरवा समाज हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष राधेश्याम गोमा, संस्था के संरक्षक महेन्द्र कुमार बैरवा, मदन लाल बैरवा, प्रभुलाल बैरवा, मोतीराम ठेकेदार, विष्णु गोठवाल, सीताराम बैरवा, एड. अशोक मेहरा, एड. हितेश राही, बैरवा महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी रोड़ूराम सुलानिया, नाथलाल बैरवा चन्दलाई, दीपचन्द बैरवा, रामकिशन मेहरा, डॉ. दीपचन्द नागरवाल, आशीष नागर(ए.ओ.), आचार्य समूह के पदाधिकारी गोपाल सुलानिया, विनोद गोठवाल, जी.डी. मेहरा, मोहन लाल बड़ोदिया, जय कुमार बेथाड़िया, ज्ञानचन्द बैरवा, रामनारायण कुँवाल आदि मौजूद रहे।

### भामाशाहों का किया सम्मान

सम्मान समारोह में भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। अंत में संस्था अध्यक्ष ने अतिथियों एवं आगन्तुकों आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा समाज की युवक-युवतियों के लिए परिचय पुस्तिका में रजिस्ट्रेशन करवाया गया। कार्यक्रम में गीता बाल निकेतन एवं गायत्री शिक्षा मन्दिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गयी।

### योजनाओं में आय सीमा बढ़ाने की उठी मांग

कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अनुसूचित जाति की आय सीमा ढाई लाख ही रहने की समस्या अतिथियों के सामने रखी। इन्होंने बताया कि जब अन्य वर्गों के लिए आठ लाख रुपए की सीमा है तो इस वर्ग के लिए भी यह सीमा रखी जानी चाहिए, ताकि उन्हें भी योजना का पूरा लाभ मिले। इस पर डिप्टी सीएम और दोनों विधायक ने कहा कि इस बारे में सरकार से बात की जाएगी। अगर समाधान नहीं हुआ तो विधानसभा में आवाज बुलंद की जाएगी।

**हंगामा: ढाई हजार वर्ग फुट जमीन मुक्त करवाई**

# रामबाग गोल्फ क्लब की मनमानी पर चला जेडीए का बुलडोजर

**बेधड़क । जयपुर**

रामबाग गोल्फ क्लब एरिया में किए गए अवैध निर्माण पर जेडीए ने शनिवार को बुलडोजर चला दिया। गोल्फ क्लब की ओर से करीब ढाई हजार वर्ग फीट जेडीए की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था।

जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन अधिकारी नवरत्न ने बताया कि गोल्फ क्लब द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर हमारी शाखा ने गोल्फ क्लब प्रशासन को 7 दिन पहले नोटिस जारी किया था। नोटिस के बावजूद गोल्फ क्लब प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमण को नहीं हटाया।

जेडीए की टीम ने शनिवार सुबह 10: 30 बजे कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सबसे पहले जेडीए का दस्ता गोल्फ क्लब परिसर पहुंचा। जहां लगभग ढाई हजार वर्ग फीट के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में लगभग 2 घंटे का वक्त लगा।





### तीन हॉल और टिन शेड लगाकर किया था अवैध निर्माण

रामबाग गोल्फ क्लब प्रशासन ने सेंट्रल पार्क में बने गांधी दर्शन म्यूजियम से सटी जमीन पर तीन हॉल और टिन शेड की मदद से अवैध निर्माण किया था। इसके साथ ही कार सर्विस को लेकर भी सर्विस पॉइंट तैयार हुए थे, जिन्हें जेडीए ने ध्वस्त कर दिया है। जेडीए ने अवैध निर्माण को गिराया। वहां पर बड़े एरिया में टिन शेड भी लगा था।

### गोल्फ के नाम पर शराब पार्टी का भी आरोप

सेंट्रल पार्क बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण की आड़ में गोल्फ क्लब द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। इसकी शिकायत मैंने पूर्व जेडीसी से भी की थी। उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि गोल्फ क्लब द्वारा उन्हें यहां मैंबरशिप दे दी गई थी। इसके बाद मैंने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की। इस पर संज्ञान लेते हुए नए जेडीसी ने यहां कार्रवाई को अंजाम दिया है। यादव ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण की आड़ में गोल्फ क्लब द्वारा खेल के नाम पर यहां शराब पार्टी की जाती है, जो नियमों के विपरीत है। ऐसे में इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

**सेन्ट्रल जेल में 300 जवानों ने किया सर्च**

# कैदियों के पास नहीं मिला कुछ भी संदिग्ध



**बेधड़क । जयपुर**

सेन्ट्रल जेल में शनिवार को बंदियों और कैदियों की जांच की गई, जिसमें वहां कोई भी संदिग्ध या प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली। सुबह 6:30 बजे जेल में पुलिस और प्रशासन के 300 से ज्यादा अधिकारियों और जवान जेल में सर्च करने पहुंचे थे। पुलिसकर्मियों के सभी मोबाइल फोन जमा करवाकर उनकी तलाशी ली गई। इसके बाद डीसीपी ईस्ट और एडीएम जयपुर सिटी के साथ सभी पुलिसकर्मी जेल में गए और तलाश ली। यह सर्च करीब 9 बजे तक चली।

गौरतलब है कि जयपुर सेंट्रल जेल से सीएम भजनलाल शर्मा को मिली धमकी के बाद से जेल प्रशासन अलर्ट हो चुका है। जेल में आने वाले बंदियों और कैदियों के जेल में प्रवेश से पहले उनकी अच्छी तरह से जांच की जाती है। वहीं, जेल में ड्यूटी देने आने वाले प्रहरी और सुरक्षा करने के लिए आने वाले जवानों की भी जांच और अधिक बढ़ा दी गई है। हाल ही में जोधपुर जेल में भी मोबाइल मिलने के बाद वहां के जेलर को हटा दिया गया था। इसके बाद से जेलों में सख्ती दिखाई दे रही है। डीजी जेल भूपेन्द्र दक ने बताया कि जेलों में कई बार देखा गया कि कैदियों के पास मोबाइल मिल रहे हैं।

जिस पर सभी जेलों को इसे लेकर कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। हाल ही में जयपुर जेल से एक कैदी के द्वारा फेक कॉल किया गया था। इस पर एक्शन लेते हुए अधीक्षक सहित प्रहरियों को तत्काल हटा दिया गया। लापरवाही सामने आने पर तत्काल एक्शन किया जा रहा है। जेल में जेल प्रशासन की ओर से भी समय-समय पर औचक निरीक्षण कराया जाता है, जिससे कैदियों में खौफ रहता है। साथ ही संदिग्ध वस्तु मिलने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता सेमिनार**

# नियम पालन से ही हादसों पर लगाम

**बेधड़क । जयपुर**

मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की आरे से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से दुर्घटना पर लगाम लगाई जा सकती है। प्रादेशिक परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर यादराम दायमा ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद्, परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली के सदस्य निर्मल जैन ने सड़क सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही



कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार बेनीवाल, एसई परिवहन विभाग, कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहके पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने किया था। ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ राजीव सक्सेना ने बताया कि इस माह के अंतर्गत सड़क हादसों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान, यातायात नियमों एवं एक्ट के प्रति जागरूक करने के लिए वेबीनार, प्रतिज्ञा, रैली, ड्राइवर्स के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, निबंध एवं कला प्रतियोगिता, भाषण, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक**

# ड्रेस मिली तो 200 बालिकाओं के चेहरे खिले

**बेधड़क । जयपुर**

बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के अंतर्गत समग्र सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को राजकीय महाराज वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मंदिर रामचंद्रजी पुरानी विधानसभा के सामने हवा महल बाजार में 200 बालिकाओं को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया।

संस्थान के संस्थापक संयोजक डॉ. ज्ञानेश हल्दिया ने बताया कि संस्थान द्वारा अब तक राजकीय विद्यालयों की एक लाख चार हजार से अधिक छात्राओं को स्कूल पोशाक, स्वेटर एवं पुस्तकें एवं होनहार छात्राओं को नगद राशि भी वितरित की जा चुकी है। इस सत्र के तृतीय चरण में कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि बालमुकुंद आचार्य विधायक हवा महल विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि चंद्र मोहन बटवाडा हेमंत जाखड़ एसीपी माणक चौक, कुसुम यादव पार्षद वार्ड नंबर 73 के द्वारा बालिकाओं को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही साथ युवा पीढ़ी में बढ़ती धूम्रपान एवं नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए बैनर पोस्टर के साथ बालक बालिकाओं की एक रैली माणक चौक थाने से रवाना होकर रामगंज बाजार रामगंज चौपड़ होते हुए हवा महल बाजार रामचंद्र जी के मंदिर पहुंची एवं रैली के द्वारा धूम्रपान एवं नशे से होने वाले खतरों से आमजन को अवगत कराया गया । कार्यक्रम में आलोक हल्दिया, प्रिया हल्दिया, अलका हल्दिया,अजय यादव पूर्व चेयरमैन आदि का बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गजानंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

**टी रविकांत और मंजू राजपाल ने किया दौरा**

# अधूरे चल रहे प्रोजेक्ट जल्द पूरे करें और गुणवत्ता पर दें पूरा ध्यान

**बेधड़क । जयपुर**

स्वायत शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को जल्द अधूरे प्रोजेक्ट पूरे कर झोटवाड़ा आरओबी के जल्द लोर्कापण की तैयारी करने के आदेश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने जयपुर शहर के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की गुणवत्ता जांचने के साथ ही अधकारियों को इनका काम जल्द-जल्द पूरा करने की हिदायत दी। प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त मंजू राजपाल के साथ जयपुर में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करने निकले थे

### आईपीडी टावर की भी देखी वस्तुस्थिति

प्रमुख सचिव और जेडीसी पहले झोटवाड़ा आरओबी का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां प्रमुख सचिव ने प्रोजेक्ट को जल्द पूरा कर सौंदर्यकरण के आदेश दिए। इसके बाद प्रमुख सचिव और जेडीसी के साथ सवाई मानसिंह अस्पताल में पहुंचे। यहा पर उन्होंने आईपीडी टावर का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्डियोलॉजी टावर का भी निरीक्षण कर अधूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता को बेहतर करने के आदेश दिए। इसके बाद प्रमुख सचिव और जेडीसी जवाहर सर्किल पहुंचे। जहां उन्होंने जवाहर सर्किल सौंदर्यीकरण के साथ बी2 बाईपास ट्रैफिक जंक्शन पर बन रहे अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया।



### 20 ऑपरेशन थिएटर और 100 ओपीडी होंगे

बता दें कि आईपीडी टावर के साथ ही एसएमएस अस्पताल में इन्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज का भी निर्माण किया जा रहा है। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 20 ऑपरेशन थिएटर, 100 ओपीडी काउंटर, दो मंजिला बेसमेंट, 1200 बेड, एयर एम्बुलेंस के लिए छत पर हेलीपेड, मेडिकल साइंस गैलरी एडमिशन ब्लॉक, दूसरी मंजिल पर रेडियोलॉजी सेवा, डायग्नोस्टिक, एमआरआई सिटी स्कैन, तीसरी मंजिल पर छह आईसीयू वार्ड और संबंधित सेवाएं, चौथी मजिल पर पोस्ट और प्रीआपरेटिव वार्ड, न्यूक्लियर मेडिसन, लैब एरिया साथ ही जनरल वार्ड, कॉटेज और डीलक्स रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



**6 लेन का हो जाएगा आरओबी**

गौरतलब है कि झोटवाडा आरओबी कालवाड़ रोड पर बनाया जा रहा है, अम्बाबाड़ी तक जाएगा। इसके निर्माण से आरओबी 6 लेन का हो जाएगा। इसकी कुल लम्बाई 2450 मीटर है। इसके फेज - I का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बी-2 बाईपास जो दुर्गापुरा को सांगानेर, प्रतापनगर और सीतापुरा औधोगिक क्षेत्र से जोड़ता है। वहां, जवाहर सर्किल से मानसरोवर की तरफ अण्डरपास और टोंक रोड पर बजरी मंडी के साथ ही रामदास अग्रवाल तिराहे पर क्लोवर लीफ के निर्माण के साथ सब-वे, विधुतीकरण और सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला



**बीकानेर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से बीकानेर में शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने कहा कि राहुल गांधी की प्रधानमंत्री की जाति को लेकर की गई टिप्पणी उनकी ओछी मानसिकता प्रकट करती है। उन्होंने पूरे देश के ओबीसी संवर्ग का अपमान किया है। भाजपा महामंत्री मोहन सुराणा ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह कहना कि मोदी जन्म से अन्य पिछड़ा वर्ग में नहीं थे, बल्कि गुजरात सरकार उन्हें ओबीसी बनाया है, ये बिल्कुल गलत है।

### नागौर में राज्यस्तरीय पशु मेले का शुभारंभ

**नागौर।** नागौर में राज्यस्तरीय श्रीरामदेव पशु मेले का शुभारंभ शनिवार को हुआ। संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, रेंज महानिरीक्षक लता मनोज कुमार व पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। शुभारंभ के मौके पर कलेक्टर डॉ. अमित यादव, एसपी नारायण टोगस, सभापति मीतू बोथरा व भामाशाह कृपाराम देवड़ा साथ रहे। संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि पशुपालन सांस्कृतिक विरासत है। हमारी कृषि प्रधान व्यवस्था में पशुधन का विशेष महत्व रहा है। पशुधन का सम्मान कायम रखने की जरूरत है।

### जाट एकजुट, लोगों ने फैलाई गलतफहमी



**भरतपुर।** डीग व धौलपुर जिले के जाटों को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण की मांग को लेकर हो रहे आंदोलन के बीच अब दोनों ही गुट एक मंच पर आए हैं। वहीं जयचोली में 25वें दिन भी महापड़ाव जारी रहा। पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि जाट समाज एकजुट है। कुछ लोगों ने गलतफहमी फैला दी थी। अब ऐसा कुछ नहीं है। कुछ दिन पहले जो समिति के पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे, वह आंदोलन में सहायता के लिए हैं। 13 फरवरी को दोपहर दो बजे दिल्ली में जो वार्ता होनी है। वह सफल होनी चाहिए। वरना खुद जयचोली जाकर महापड़ाव को बढ़ाया जाएगा।

---

**पोकरण फायरिंग रेंज में होगा अभ्यास, राफेल-सुखोई, तेजस, प्रचंड और ध्रुव हेलिकॉप्टर तैनात**

# वायु शक्ति एक्सरसाइज 17 को, वायुसेना दिखाएगी ताकत

**बेधड़क | जोधपुर**

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोकरण फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में एयरफोर्स अपनी ताकत दिखाएगा। इसके लिए देश के अलग-अलग 5 एयरबेस पर तैयारियां चल रही हैं।

दरअसल, 17 फरवरी को वायु शक्ति एक्सरसाइज होनी है। इसे लेकर एयरबेस पर 121 एयरक्राफ्ट पहुंच चुके हैं। जोधपुर एयरबेस पर सुखाई-30 और राफेल की तैनाती की गई है।

यहां दोनों एयरक्राफ्ट के साथ तैयारी शुरू कर दी है। इसी एयरबेस पर सुखाई और राफेल के साथ लड़ाकू विमान तेजस, प्रचंड और ध्रुव हेलिकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। 17 फरवरी को पोकरण में होने वाली एक्सरसाइज वायु शक्ति के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है।



### हर तीन साल में होती है एक्सरसाइज

17 फरवरी से पहले एयरफोर्स 14 फरवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल पोकरण में करेंगे।। इसे लेकर जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में फाइटर प्लेन तैनात कर दिए गए हैं। इसके अलावा फलोदी एयरफोर्स स्टेशन पर चिनूक की तैनाती की गई है। हर तीन साल में होने वाली इस एक्सरसाइज में इस बार 77 फाइटर जेट, 41 हेलिकॉप्टर, 5 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सहित कुल 121 एयर क्राफ्ट रहेंगे। हथियारों में तीन तरह के सरफेस-टू-एयर मिसाइल, 12 यूएवी, हवा से जमीन पर मार करने वाली प्रेसिसन और नॉन प्रेसिसन मिसाइल, हवा से हवा और जमीन से हवा में मार करने वाली गाइडेड मिसाइल भी लॉन्च करेंगे।

### ये विमान होंगे शामिल

- स्वदेशी लड़ाकू विमान: तेजस, प्रचंड और ध्रुव
- लड़ाकू एयरक्राफ्ट: राफेल, मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई, जगुआर, हॉक, सी-130जे, चिनूक, अपाचे , एमआई-17
- हेलिकॉप्टर: इस बेड़े का अलग से प्रदर्शन होगा। इसमें गरुड़ और भारतीय सेना के अन्य विमान भी शामिल होंगे।

### 15 हजार एयर वॉरियर्स पहुंचे जोधपुर

इस एक्सरसाइज के लिए करीब 15 हजार एयर वॉरियर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें पायलट से लेकर ग्राउंड स्टाफ शामिल है। वहीं सुखोई और राफेल के पायलट भी जोधपुर एयरबेस पर सोंठी (रूटिन उड़ान) लेकर एक-दूसरे के बीच कम्युनिकेशन सेट कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ भी इन एयरक्राफ्ट में हथियारों को लैस कर रही है। बताया जा रहा है कि सुखोई एमकेआई कॉर्पेट बम से लैस होकर जोधपुर एयरबेस से उड़ान भरेगा। राफेल भी यहीं से उड़ान भरेगा लेकिन ये एयर टू एयर व एयर टू सरफेस मिसाइल से लेस होगा। इन फाइटर प्लेन का ग्राउंड स्टाफ हथियारों को लेस करने की भी प्रैक्टिस कर रहा है।

---

**यूनिवर्सिटी में 74 सूत्रीय मांगों को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन**

# छात्रों के विरोध के बीच JNVU के कुलपति ने दिया इस्तीफा


■ स्टूडेंट्स का आरोप, दो माहीने बाद भी मांगें नहीं हुईं पूरी

**बेधड़क | जोधपुर**

जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के कुलपति केएल श्रीवास्तव ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इतना ही नहीं जब वे सरकारी कार से जाने लगे तो फिर विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद वे पैदल ही रवाना हो गए। हालांकि श्रीवास्तव के इस्तीफे को लेकर 2 घंटे तक नाटकीय घटनाक्रम चला।

एबीवीपी की ओर से सुबह 11:30 बजे से 74 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन चल रहा था। इस दौरान परिषद के प्रांत सहमंत्री सचिन राजपुरोहित, इकाई सह सचिव यश शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने वीसी श्रीवास्तव की कार का घेराव कर दिया। इस पर वे नीचे उतरे और सभी को उनके ऑफिस की तरफ चलने को कहा। यहां वीसी स्टूडेंट के साथ कार से उतर पैदल ऑफिस तक पहुंचे।

यहां उनके गेट के बाहर ही सभी ने घेराव कर दिया और नारे लगाना शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सभी को ऑफिस में चलकर बातचीत करने को कहा, लेकिन कोई स्टूडेंट राजी नहीं हुआ। उनका कहना था कि यूनिवर्सिटी में विभिन्न मांगों को लेकर दो महीने से वीसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार ऑफिस में ले जाकर मामला शांत करवा देते हैं और कोई समाधान नहीं होता। इस पर स्टूडेंट अड़ गए कि आज जो भी बात होगी वो सभी के सामने और ऑफिस के बाहर होगी। इस पर करीब 12:30 बजे तक वे स्टूडेंट से समझाइश करते रहे। जब वे नहीं मानें तो स्टूडेंट पर झल्लाने लगे। इस पर स्टूडेंट्स ने दोबारा विरोध शुरू कर दिया। इस पर वे ऑफिस के बाहर ही जमीन पर बैठ गए और पीए से डॉक्यूमेंट मंगवाकर राज्यपाल के नाम का इस्तीफा पीए को सौंप दिया।



### इन विवादों से रहा नाता

केएल श्रीवास्तव ने 14 फरवरी 2022 को यूनिवर्सिटी के कुलपति के तौर पर पदभार संभाला था। इनके पदभार ग्रहण से ही कई विवाद सामने आए, जो राजभवन तक पहुंचे। बताया जा रहा है कि राजभवन से भी इन्हें लेकर नाराजगी जाहिर की गई थी। इनमें से एक यूनिवर्सिटी में साल 2017 के प्रोफेसरों को पदोन्नति का मामला, जिसमें यूनिवर्सिटी यूजीसी के 3 साल पुराने रेगुलेशन से पदोन्नति देने की तैयारी में था। जबकि यूजीसी ने साल 2018 के संशोधित रेगुलेशन के लागू होने के 3 साल बाद किसी भी पुराने रेगुलेशन के उपयोग पर रोक लगा रखी है।

### गोपनीय शाखा से जुड़ा विवाद

यूनिवर्सिटी में केएल श्रीवास्तव के कुलपति रहते गोपनीय शाखा में भी विवाद उठा। गोपनीय शाखा में गोपनीयता भंग होने की वजह से भी राजभवन काफी नाराज चल रहा था। यूनिवर्सिटी में साल 2023 में भूगोल विषय में 900 से ज्यादा छात्रों की कॉपी में ज्यादा अंक देने का मामला सामने आया था। इसमें कॉपियों में दिए गए अंक कम थे, लेकिन कॉपी के मुख्य पृष्ठ पर उनकी जोड़ को गलत कर अंक बढ़ा दिए गए थे। इस मामले के खुलासे के बाद यूनिवर्सिटी ने कमेटी गठित कर दी गई थी। कमेटी की ओर से एग्जामिनर को गलत मानते हुए उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया, लेकिन ना तो जिन्हें गलत अंक दिए गए उनके परिणामों को बदल गया और ना ही गोपनीय शाखा के किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। यूनिवर्सिटी में खास शिक्षकों को स्टडी सेंटर और सेल की कमान दी गई, जबकि इनकी ग्रांट भी बंद है। इनमें भी वे शिक्षक शामिल हैं, जो विवादित भर्ती प्रक्रिया के शिक्षक हैं।

---

**बाड़मेर में हाईवे-68 पर हादसा**

## गुजरात जा रही स्लीपर बस ट्रक में घुसी

■ एक की मौत 23 से ज्यादा सवारियां घायल



**बेधड़क | बाड़मेर**

बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रही सवारियों से भरी प्राइवेट स्लीपर बस नेशनल हाईवे-68 पर कुर्जा फांटे के पास आगे से चल रहे ट्रक में घुस गई। इस हादसे में बस में सवार एक पैसेंजर की मौत हो गई और 23 यात्री घायल हो गए। घटना बाड़मेर जिले के सदर थानान्तर्गत शुक्रवार देर रात हुई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस की मदद से घायलों को बाड़मेर के राजकीय अस्पताल लाया गया। एक साथ दो दर्जन लोगों को अस्पताल लाने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद बाड़मेर डीएसपी आनंद सिंह राजपुरोहित, सदर थानाधिकारी किशनसिंह, कोतवाल गंगाराम खावा पहुंचे। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात 11 बजे बाड़मेर से गुजरात की ओर जाने वाली प्राइवेट स्लीपर बस रवाना हुई थी और करीब 15 किलोमीटर दूर कुर्जा फांटे के पास कुछ ही दूरी पर आगे चल रहे कोयले से भरे ट्रक के अंदर घुस गई, जिससे बस आगे से पूरी तरह से पिचक गई।

बस में अफरा-तफरी मच गई। आसपास व होटलों पर बैठे लोगों ने सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से सवारियों को अस्पताल भेजा लाया गया, लेकिन ड्राइवर बस में फंस गया।

लोगों ने भारी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। अस्पताल में इलाज के दौरान एक पैसेंजर टहलाराम (57) पुत्र मोटूराम निवासी महावीर नगर की मौत हो गई और कई महिलाओं सहित 23 जने घायल हो गए।

---

**प्रतिभा सम्मान समारोह में 283 प्रतिभाएं सम्मानित**

## राजेश पायलट ने दौसा को देश में दिलवाई पहचान: जीआर खटाना

**बेधड़क | बांदीकुई**

सरदार वल्लभ भाई पटेल गुर्जर विकास संस्थान के तत्वावधान में सर्वसमाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। जिससे 283 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसमें महज 14 वर्षीय बालक कृष्ण कुमार गुर्जर को स्काउट के राष्ट्रीय जंबूरी कार्यक्रम में उत्कृष्ट 18वां स्थान प्राप्त करने पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जीआर खटाना ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से हौंसला बढ़ता हैं, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होती है। खटाना ने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट ने दौसा को देश में पहचान दिलवाई थी, उन्होंने देश में सूचना क्रांति का जाल बिछाया था। साथ ही उनका सपना था कि गरीब, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े वर्ग के बच्चे पढ़-लिखकर उन कुर्सियों पर नही बैठेंगे। जहां से देश की नीतियां बनती हैं और लागू होती हैं। तब तक देश की सही मायने में तरक्की सम्भव नही हैं। ऐसे में उनकी सोच के अनुसार ही पायलट भवन में सर्वसमाज के बच्चे रहते हैं और अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। जो एक अपने आप में गर्व की बात है। इस दौरान मानसिंह गुर्जर, रत्न सिंह पटेल, सीताराम गुर्जर समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।



---

**एक दर्जन से अधिक लोगों को बनाया शिकार, चार गिरफ्तार**

## रकम दोगुना करने के नाम पर ठगे 4 करोड़

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

जिले में रुपए दोगुना करने के नाम पर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक लोगों को झांसा देकर करीब चार करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी जयपुर और उत्तरी राजस्थान क्षेत्र के रहने वाले हैं।

सावधि जमा के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी पर बेगूं पुलिस ने ये कार्रवाई की है। ठगी मामले की जांच कर रहे सब इसंपेक्टर हमेर लाल ने बताया कि बेगूं क्षेत्र में 'नेक्सा एवर ग्रीन' के नाम से निवेश की कम्पनियां खोली गई जिसकी कई शाखाएं खोलकर कुछ लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से निवेश करवाने का काम चालू कर रखा था। सावधि जमा, फीक्स डिपोजिट और अन्य योजनाओं के नाम पर क्षेत्र के कई लोगों से लाखों रुपये धोखाधड़ी कर खातों में डलवा दिए और बाद में दूसरी परियोजनाएं खोलकर उन रुपयों को डकार गया। 12 पीड़ितों ने दर्ज कराया मामलाः बेगूं थाने में क्षेत्र के करीब 12 पीड़ितों ने मामला दर्ज कराया और पुलिस ने जांच प्रारंभ की। जांच में सामने आया कि रुपया दोगुना करने का लालच देकर कई लोगों से गहने और जेवरात तक बिकवा दिए।

इस धोखाधड़ी के मामले में बेगूं पुलिस ने सोडाला जयपुर निवासी रणवीर सिंह पुत्र मदनलाल जाट, बलारा थाना निवासी ओपेन्द्र बिजारणियां पुत्र त्रिलोक चन्द्र जाट, सीकर निवासी सुभाष बिजनौरियां पुत्र नेमीचन्द और सीकर के गुंगारा निवासी अमरचन्द धाका पुत्र मोटाराम जाट को गिरफ्तार किया है।



---

**आईसीआईसीआई बैंक घोटाले का पर्दाफाश**

# टारगेट पूरा करने के लिए खोले फर्जी खाते, 2.50 करोड़ रुपए का गबन

**बेधड़क | धरियावद**

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपए के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रतापगढ़ के एसपी अमित कुमार ने बताया, धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक फार्म हाउस खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपए निकाल लिए गए। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई। अधिकारी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद बैंक अधिकारियों ने छह फरवरी को बैंक के प्रबंधक प्रशांत काबरा के खिलाफ थाना धरियावद में मुकदमा दर्ज कराया।

■ बैंक मैनेजर सहित दो गिरफ्तार



### खातों को फ्रीज कर 62 लाख रुपए होल्ड, 46 लाख रुपए जब्त

उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि विभिन्न खाता धारक जब बैंक में एफडी और केसीसी करवाते थे तो आरोपी उन खातों पर ओवरड्राफ्ट लिमिट बनाकर राशि को अपनी पत्नी दीपिका काबरा व जालम चंद जैन, उसकी पत्नी मन्जुला जैन, पुत्र राकेश जैन व उसकी फर्म पूजा कंस्ट्रक्शन के खातों में जमा कर गबन किया करता था। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान कुल 62 बैंक खातों को फ्रीज कर 62.71 लाख रुपए की राशि को होल्ड किया गया और आरोपी की निशानदेही से कुल 46 लाख रुपए जब्त किए गए। बताया गया कि ये पूरा खेल बैंक के टारगेट को पूरा करने के लिए किया गया। सभी ने मिलकर फर्जी FD अकाउंट खोले और पुराने ग्राहकों के खातों से रुपए इनमें ट्रांसफर किए। सबसे पहले 5 फरवरी को मामला सामने आया था, जिसके बाद अगले दिन यानी 6 फरवरी मंगलवार को ब्रांच मैनेजर प्रशांत काबरा (36) को हिरासत में लिया था। पूछताछ में सामने आया कि इसमें बैंक का स्टाफ और उदयपुर का व्यापारी जालम चंद भी शामिल था।

### एसपी ने दी पूरी जानकारी, कैसे हुआ गबन

एसपी अमित कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि एक ग्राहक के अकाउंट से 32 लाख रुपए गायब होने के बाद रीजनल हेड मनोज बेहरानी की ओर से मालमा दर्ज करवाया गया था। इस मामले में एसपी अमित कुमार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसपी ने बताया कि बीती 6 फरवरी को बैंक के रीजनल हेड मनोज बेहरानी द्वारा प्रकरण दर्ज करवाया गया था कि धरियावद शाखा के ब्रांच मैनेजर प्रशांत काबरा द्वारा निवेशकों की एफडी और केसीसी पर फर्जी तरीके से ओवरड्राफ्ट बनाकर राशि निकाल ली गई है और खाता धारकों के मोबाइल नंबर भी बदल दिए गए। यह राशि 2 करोड रुपए से भी ज्यादा हो सकती है।

### एसआईटी का हुआ था गठन

इस पर पुलिस ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और मैनेजर प्रशांत काबरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया। इस पर पुलिस ने काबरा को रिमांड पर लेकर पुछताछ शुरू की तो सामने आया कि कुछ समय पहले उसने बैंक द्वारा दिए गए टारगेट को पूरा करने के लिए उदयपुर निवासी जालमचंद जैन के एफडी अकाउंट पर ओवरड्राफ्ट बनाकर राशि निकाली थी जिसकी जानकारी जैन को लग गई। तभी से वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था ।इस पर पुलिस ने जालमचंद जैन को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर ले रखा है।

### आईआईएस यूनिवर्सिटी में एनुअल कल्चरल फेस्ट कॉस्मॉस-2024 का समापन

# सुरीली धुनों से कॉसमॉस के माहौल में भरा इंद्रधनुषी उत्सवी रंग

**बेधड़क** | जयपुर

रंग-बिरंगे परिधानों में स्टूडेन्ट्स... स्टॉल्स पर भारी भीड़... उमंग, जोश और उत्साह कुछ ऐसा ही नजारा दिखाई दिया। मौका था आईआईएस(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के बॉलीवुड थीम के तीन दिवसीय एनुअल कल्चरल फेस्ट कॉस्मॉस-2024 के आखिरी दिन शनिवार को। प्रोग्राम में बॉलीवुड क्विज, टेराकोटा प्लेट डिजाइन, नुक्कड़ नाटक, पेज टु स्टेज, कॉस्मॉस रील मेकिंग, फोटोग्राफी एवं शॉर्ट फिल्म जैसी प्रतियोगिताओं का खास आकर्षण रहा। फेस्ट का स्पेशल अट्रेक्शन शिवम और असीम के बैंड फ्ल्यूट बॉक्सर्ज की ल्यूट एंड बीट बॉक्स की जुगलबंदी रही। जिन्होंने सुरीली धुनों से माहौल में उत्सवी सुरूर के इन्द्रधनुषी रंग भर दिए। हिन्दी फिल्मी गीतों को अलग ही अंदाज में पेश किया गया। विभिन्न इंट्रा और इंटर कॉलेज कॉम्पिटिशन्स में करीब 100 प्रतियोगियों ने पार्टिसिपेट किया। आईआईएसयू के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता समेत रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, वाइस चांसलर टीएन माथुर और विभिन्न संकायों के डींस ने सभी प्रतियोगियों की प्रतिभा का सराहा। फेस्ट के तीनों दिन स्टूडेन्ट्स व फैकल्टीज ने 50 सजी धजी स्टॉल्स में खाने-पीने व शोपिंग का लुत्फ स्टूडेंट्स से लेकर टीचर्स ने भी उठाया।



#### दहेज, भ्रष्टाचार, साइबर क्राइम मुद्दों को दर्शाया

टेराकोटा प्लेट डिजाइन में 30 पार्टिसिपेन्टस ने प्लेट्स पर सेव अर्थ,फ्लोरल इंप्रेशन्स, वर्ली पैटर्न व विभिन्न प्रकार के आर्ट फॉर्म को दर्शाया। नुक्कड़ नाटक में दहेज, भ्रष्टाचार, साइबर क्राइम और बेटी बचाओ जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से दर्शाया।

#### इन्हें दिए गए प्राइज

आईआईएस, कानोड़िया एवं जेईसीआरसी ने क्रमश: फर्स्ट, सेकंड एवं थर्ड प्राइज जीता। पेज टु स्टेज में फर्स्ट शुभा जोशी व मुस्कान ओझा, कॉस्मॉस रील मेकिंग फर्स्ट मेघा शर्मा, फोटोग्राफी में फर्स्ट मुदिता शर्मा, शॉर्ट फिल्म में फर्स्ट आईआईएस सेकंड बियानी और थर्ड प्राइज आईआईएसयू को मिला।





## Yuva स्टोरीज



### बच्चों ने लिया खेल दिवस में जोश खरोश से भाग

**जयपुर।** राजधानी की महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल में खेल दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने जोश खरोश से विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अध्यक्ष विक्रमादित्य रहे। विजित सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति जोशी ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। समारोह की शुरुआत नन्हें बालकों द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प-गुच्छ भेंट करके की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे उड़ाकर समारोह के आरंभ का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैलून मार्च द्वारा की गई। जिसमें कक्षा एक व दो के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद योग के विभिन्न आसनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। हर्डल रेस, फ्रॉग जंप रेस, ओबस्टैकल रेस, फ्लैट रेस, मल्टी फिटनेस रेस, ड्रिबलिंग डिस्प्ले, पैराशूट डिस्प्ले, पीटी आदि के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी दक्षता का परिचय दिया। इस अवसर पर फुटबॉल का मैच भी खेला गया। बच्चों के माता-पिता की शारीरिक फुर्ती की जाँच भी दौड़ प्रतियोगिता से की गई। इस उत्साहित वातावरण में विजेताओं का मनोबल पदक और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत कर बढ़ाया गया। सभी आगंतुकों का एरिया कोऑर्डिनेट रुचिता माथुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। खेल दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



### स्कूल में हुआ योगाभ्यास का कार्यक्रम

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को योग करवा कर लाभ बताए गए। सर्वप्रथम अनुलोम-विलोम,कपालभाति और प्राणायाम करवाया गया। इसके बाद सूर्य नमस्कार की मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। इन आसनों के लाभ योग अध्यापिका ने बताएं और विभिन्न प्रकार के आसन करवाकर उनके फायदे बताए गए। छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ योगासनों का अभ्यास किया। छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ योगासनों का अभ्यास किया। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह व जोश के साथ इन योगासनों का अभ्यास किया और साथ ही उनके फायदों से भी परिचित हुए। आज का यह योग अभ्यास बच्चों के लिए एक ऊर्जादायी अनुभव रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या भव्या राठौड़ ने विद्यार्थियों को समझाया कि योग से केवल हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं रहता है अपितु हमारा मन व मस्तिष्क भी शांत होता है।




### सत्येन्द्रपाल सिंह कप में महाराजा कॉलेज विजेता

**जयपुर।** महाराजा कॉलेज ग्राउंड में गोखले महाराजा एलुमनी एसोसिएशन की ओर से आयोजित 29 वां सत्येन्द्रपाल सिंह मेमोरियल महाराजा कप के फाइनल मुकाबले में विशाल रक्तदान शिविर भी लगाया गया। महाराजा कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल डॉ. ऋषि मीणा ने जानकारी दी कि शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम दीपक कुमार सिंह, रणजीत सिंह सोडाला और समाजसेवी दिव्य तनेजा ने शिरकत की। इसमें विद्यार्थियों ने 110 यूनिट रक्तदान किया। इसके बाद सत्येन्द्रपाल सिंह मेमोरियल महाराजा कप का समापन समारोह हुआ। जिसमें फाइनल मुकाबले में महाराजा कॉलेज 16 रन से विजयी रही। वही सेंट विल्फ्रेड कॉलेज को उपविजेता घोषित किया। गोखले महाराजा एसोसिएशन अध्यक्ष कंवरसेन यादव और कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सैन ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां तथा अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री एबीवीपी अश्विनी शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, उपमहापौर पुनीत कर्णावत, चैयरमेन भवननिर्माण समिति ग्रेटर जितेन्द्र श्रीमाली समाजसेवी दिव्य तनेजा, चैयरमेन सेवा फाउंडेशन कमल सेन, महिमा ग्रुप के अभिषेक बलदवा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश महेश शर्मा, सीआरपीएफ कमांडेंट अजय परमार, उपमन्यु राणा एबीवीपी प्रान्त संगठन मंत्री ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आरके गुनसारिया ने की।

### रेलवे स्टाफ के बच्चों के मोटिवेशनल स्पीच में बोले-

# सफलता शॉर्टकट से नहीं संघर्ष से मिलती है: आनंद





**बेधड़क** | जयपुर

सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार ने कहा कि सफलता कभी भी शॉर्ट कट रास्ते से प्राप्त नहीं होती है, बड़ी व स्थाई सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष रूपी सीढ़ी के सोपानों को पार करना ही होता है। सभी को अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ही सफलता का स्वाद मिल पाता है।

सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार रेलवे अधिकारी क्लब में आयोजित वर्कशॉप में रेलवे अधिकारी,कर्मचारी एवं बच्चों को "संघर्ष–सफलता की सीढ़ी" विषय पर एक मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम में बोल रहे थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ की पहल पर वर्तमान समय में बढ़ते तनाव युक्त जीवन एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर रेलवे अधिकारी क्लब, जगतपुरा में सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार द्वारा मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

"संघर्ष–सफलता की सीढ़ी" कार्यशाला में अपर महाप्रबंधक गौतम अरोरा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार एवं उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अंजू गुप्ता सहित अन्य उच्च अधिकारी, रेल कर्मचारी एवं अधिकारी व कर्मचारियों के बच्चे मौजूद रहे।

#### अपनी पूरी ताकत लगा दो मेहनत के सिवा कोई रास्ता नहीं

उपस्थित बच्चों से उन्होंने आह्वान किया कि "अपनी अंतिम ताकत लगा दो मेहनत के सिवा और कोई रास्ता नहीं है।" उन्होंने कहा कि किताब एक छोटे से जादू पिटारे जैसी होती है और इसे जो अपनाता है, उसकी जिंदगी अवश्य ही बदल जाती है। जिंदगी में लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अडिग रहते हुए धैर्य बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जितनी रात अंधेरी हो रही है, उतने ही आप सवेरे के नजदीक पहुंच रहे हो, हिम्मत कभी मत हारो। अगर आप अपना 100 प्रतिशत दे रहे हो तो सफलता अवश्य ही आपके कदम चूम लेगी। अभिभावकों से अपील करते हुए आनंद कुमार ने कहा कि बच्चों पर प्रेशर डालने के स्थान पर उनकी क्षमताओं को पहचान कर उनके भविष्य निर्माण पर जोर दिया जाना चाहिए। वर्कशॉप में आनंद कुमार ने उपस्थित बच्चों के पढ़ाई एवं भविष्य की योजनाओं से संबंधित सवालों के भी जवाब दिए। उपस्थित रेलवे अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चों ने आनंद कुमार के ओजस्वी विचारों से अपनी सहमति देते हुए जीवन की निश्चित दिशा के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया।

#### आनंद गरीबी से निकलकर सफलता के शीर्ष पर : अमिताभ

कार्यशाला के अंत में महाप्रबंधक अमिताभ ने आनंद कुमार का अभिनंदन करते हुए उनकी वर्कशॉप पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आनंद कुमार ने स्वयं अत्यंत गरीबी में भी अपने लक्ष्यों को नहीं छोड़ा एवं संघर्ष के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए आज सफलता के उच्चतम स्तर पर पहुंच पाए हैं। कुमार एक भारतीय गणितज्ञ और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गणितीय पत्रिकाओं के लिए स्तंभकार हैं, जो अपने सुपर 30 कार्यक्रम के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं।



### शास्त्रीय संगीत सभा का समापन

## सुर, लय और ताल ने छुआ श्रोताओं का दिल

**बेधड़क** | जयपुर

शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से संस्थान परिसर में चल रहे दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत सभा के आखिरी दिन शनिवार को संस्थान के अनेक स्टूडेंट्स ने विभिन्न राग-रागनियों के सुर साधे। समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार रत्नू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वरिष्ठ संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में संगीत के अनेक स्टूडेंट्स ने राग श्याम कल्याण, मारु बिहाग, जौनपुरी, बागेश्री, हमीर आदि रागों की बंदिशों को नजाकत से पेश कर अपनी तैयारी का पक्ष का उम्दा प्रदर्शन किया। सभी कलाकारों ने सुर, लय और ताल की बेहतरीन बानगी दर्शाकर मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। कलाकार सुमित्रा अग्रवाल ने राग श्याम कल्याण में रचना पेश की। गर्विता मंगल ने तीन ताल मध्यलय में निबद्ध राग मारु बिहाग की रचना कल ना परे तुम बिन श्याम..., गोपाल सिंह ने तीन ताल मध्यलय में निबद्ध राग जौनपुरी की रचना परिये पाय ना वाके सजनी...,वना व लोकेश ने राग बागेश्री की बंदिश कौन करत तोरी विनती..., खुशबू कंवर व प्रीति कंवर ने तीन ताल मध्यलय में निबद्ध राग दुर्गा की रचना झिलमिल तारे झिलमिल..., वरुण जांगिड़ ने राग हमीर की रचना कैसे घर जाऊं लंगरवा को सुरों की दकीकता से पेश कर नफीस गायकी से रूबरू कराया। इसी प्रकार राशिका कंवर व सौरभ ने राग तिलक कामोद, पुष्पेन्द्र सिंह ने राग जौनपुरी, लक्ष्य शर्मा ने राग भीमपलासी, राजवी उपाध्याय ने राग भूपाली और कलाकार प्रीति प्रधान ने राग जोग की रचना को पूरे मनोयोग से पेश किया। संचालन वीना अनुपम ने किया। हारमोनियम पर हरीश नागौरी व तबले परवत्सल अनुपम ने प्रभावी संगत की।

## कानोडिया कॉलेज में युवा महोत्सव का शुभारंभ कल

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सोमवार को युवाओं के बहु प्रतीक्षित युवा महोत्सव कस्तूरी 2024 का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रेटर नगर निगम की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर सुबह 10:30 बजे करेंगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रतिभा को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस रंगारंग उत्सव में 12 से 15 फरवरी तक महाविद्यालय एवं अंतर महाविद्यालय स्तर की अनेक प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अंतर्गत हिंदी तर्क-वितर्क, मीडिया हंट, रंगोली-मांडणा, मेंहदी, परवाज- ओपन माइक, थिरक- नृत्य प्रतियोगिता, क्विज, कोड वॉर, मिमिक्री, कुकिंग, डिक्लामेशन (संभाषण), वेस्टर्न डांस, अंग्रेजी-डिबेट, डिजाइन मेनिया, एड मेड, हेयर डू, नुक्कड़ नाटक, फेस पेंटिंग, बैटल ऑफ बैंड्स,जैम (जस्ट ए मिनट), समूह गायन, रसरंग नृत्य प्रतियोगिता के साथ फैशन शो और मेले का आयोजन किया जाएगा।

### आईआईटी बॉम्बे | एशिया की सबसे बड़ी बिजनेस कॉन्क्लेव ई समिट- 2024 में जीता खिताब

# जेईसीआरसी ने जीता नेशनल एंटरप्रिन्योरशिप चैलेंज

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के इनक्यूबेशन सेंटर ने एक बार फिर से सफलता की कहानी को दोहराया है। इस बार फरवरी के पहले सप्ताह में आईआईटी बॉम्बे में हुई एशिया की सबसे बड़ी बिजनेस कॉन्क्लेव ई समिट 2024 में नेशनल एंटरप्रिन्योरशिप चैलेंज जीता है।

आईआईटी, आईआईएम और एनआईटी जैसे संस्थानों को मात देते हुए जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने इस बार पहला स्थान हासिल किया और विजेता बनी। इस सम्मिट में देश भर से 1500 से अधिक संस्थानों के ई-सेल की टीमें शामिल हुईं थीं। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के कुल 45 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अपने ज्ञान और कौशल के बल पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में जीत हासिल की। यह जेईसीआरसी के विद्यार्थियों की एंटरप्रिन्योरशिप स्पिरिट और स्किल्स की बदौलत ही संभव हुआ।




> जेईसीआरसी के विद्यार्थियों ने पहले दिन के पहले राउंड से ही बढ़त बनाई हुई थी। एनईसी जीतने के अतिरिक्त भी चार अन्य गतिविधियों में जीत हासिल की और साथ ही इनक्यूबेटर सम्मिट में जेआईसी को रिप्रेजेंट किया। इसमें आईपीएल ऑक्शन, कॉरपोरेट ड्यूल, और फिश टैंक जैसी गतिविधियां शामिल हैं।
>
> **आयुषी जैन,** एसोसिएट इनक्यूबेशन मैनेजर, जेआईसी

#### सही रणनीति और बेहतर प्रेजेंटेशन ने दिलाई सफलता

इस दौरान टीम को कई टास्क दिए गए थे। इसमें बांस आधारित उत्पादों का उत्पादन करने वाले गांव में बांस किसान के लिए एक मार्केटिंग और आउटरीच रणनीति विकसित करना था। साथ ही, दूसरे टास्क में कम आय वाले परिवारों के बच्चों के बीच स्कूल की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक समाधान प्रस्तुत करना था। इस समस्या को संबोधित करते हुए हल निकालना था कि स्कूल जाने की तुलना में काम करना बेहतर है। इस कार्य में गैर सरकारी संगठनों और स्कूलों के आपसी सहयोग से समाधान को भी प्रस्तुत करना शामिल था। दोनों ही टास्क में सही रणनीति और बेहतर प्रेजेंटेशन स्किल्स ने ही टीम को सफलता दिलाई।

> इससे एंटरप्रिन्योरशिप और स्टार्टअप कल्चर को न सिर्फ बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवाओं का आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। जेईसीआरसी के विद्यार्थियों ने स्टार्टअप के क्षेत्र में एक बार फिर से जयपुर और राजस्थान का नाम रौशन किया है।
>
> **धीमंत अग्रवाल,** सीईओ, जेईसीआरसी इनक्यूबेशन सेंटर।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*बीकानेर में श्री सुमतिनाथ जी का मंदिर है, जिसे भांडाशाह जैन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसकी नींव 4 हाथियों की ऊंचाई जितनी है, जिसे भरने में पानी की जगह 40 हजार किलो शुद्ध देशी घी का उपयोग किया गया था। जमीन से करीब 108 फीट ऊंचे इस जैन मंदिर में पांचवें तीर्थकर भगवान सुमतिनाथ जी मूल वेदी पर विराजमान हैं। मंदिर के निर्माण के 500 साल बाद भी मंदिर का फर्श आज भी चिकना रहता है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के फर्श से आज भी घी निकलता है। मंदिर के सबसे ऊंचे गुंबद में 16 चित्र तीर्थंकरों के जीवन चरित्र की कहानी कहते हैं।*

### अपने आप में कई विशेषताएं समेटे है 500 साल पुराना बीकानेर का भांडाशाह जैन मंदिर



# मंदिर जिसकी नींव भरने में पानी की जगह उपयोग किया गया 40 हजार किलो घी

भा रतीयों में आस्था कूट-कूटकर भरी है। यही कारण है कि हर गांव-शहर में मंदिर मिल जाएंगे। ये मंदिर तरह-तरह की विशेषताओं से भरे पड़े हैं। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के बीकानेर में है-श्री सुमतिनाथ जी का मंदिर जिसे भांडाशाह जैन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसकी नींव को भरने में शुद्ध देशी घी का उपयोग किया गया। बताते हैं कि उस वक्त नींव भरने के मसाले में पानी की जगह करीब 40 हजार किलो देशी घी काम में लिया गया। इस मंदिर को देखने के लिए रोजाना बड़ी मात्रा में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

## भांडाशाह ओसवाल ने कराया था निर्माण

इस मंदिर का इतिहास करीब 5 शताब्दी पुराना बताया जाता है। 1468 में भांडा शाह नाम के व्यापारी ने इसे बनवाना शुरू किया था। भांडा शाह के गुजर जाने के बाद बचा हुआ निर्माण उनकी पुत्री ने 1541 में पूरा करवाया। भांडाशाह जैन द्वारा निर्माण करवाने के कारण ही इसका नाम भांडाशाह पड़ा। मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल धारीवाल ने बताया कि मंदिर के निर्माण के 500 साल बाद भी मंदिर का फर्श आज भी चिकना रहता है। इस मंदिर के फर्श से घी निकलता है।

## मूल वेदी पर विराजे हैं भगवान सुमतिनाथ

जमीन से करीब 108 फीट ऊंचे इस जैन मंदिर में पांचवें तीर्थकर भगवान सुमतिनाथ जी मूल वेदी पर विराजमान हैं। यह पूरा मंदिर तीन मंजिलों में बंटा है। इस मंदिर को लाल बलुआ पत्थरों और संगमरमर से बनाया गया है। मंदिर के भीतर की सजावट बहुत सुंदर है। इसमें मथेरण व उस्ता कला का शानदार काम किया गया है। इतिहासकारों के अनुसार इस मंदिर के अंदर के भित्ति चित्र और मूर्तियां भी बहुत दिलचस्प हैं। मंदिर के फर्श, छत, खम्बे और दीवारें मूर्तियों और चित्रकारी से सुसज्जित हैं। मंदिर राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक की श्रेणी में है।



## ठेकेदार ने ली परीक्षा, मांगी माफी

मंदिर का निर्माण करवाने वाले भांडाशाह ओसवाल घी के व्यापारी थे। जब मंदिर निर्माण को लेकर ठेकेदार के साथ बात कर रहे थे, तब दुकान में रखे घी के पास एक मक्खी गिर कर मर गई तो सेठ ने मक्खी को उठाकर अपने जूते पर रगड़ लिया और मक्खी को दूर फेंक दिया। पास बैठे ठेकेदार ने यह सब देखकर सेठ की परीक्षा लेने की ठानी और सेठ से कहा कि मंदिर को सैकड़ों वर्ष तक मजबूती के लिए घी का उपयोग उचित होगा। सेठ ने घी का प्रबंध करना शुरू किया। जब मंदिर का निर्माण शुरू हो रहा था तब सेठ ने मंदिर की नीव में घी डालना शुरू किया और यह सब देखकर ठेकेदार आश्चर्यचकित हो गया और उसने सेठ से माफी मांगी। कहा कि मैं तो आपकी परीक्षा ले रहा था। सेठ ने कहा कि यह घी मैंने भगवान के नाम पर दान कर दिया। इसका उपयोग तो मंदिर की नींव में लेना ही होगा।

## इटालियन मार्बल व जैसलमेर के पत्थरों का प्रयोग

देसी घी से भरी गई नींव की खासियत तो जमीन के नीचे दबी हुई कही जा सकती है, लेकिन नींव के ऊपर बना यह भव्य मंदिर अपनी नक्काशी कला के लिए भी प्रसिद्ध है। मंदिर के निर्माण में जैसलमेरी पीला पत्थर और इटालियन मार्बल का इस्तेमाल इसे और भी नायाब बना देता है। मंदिर में भित्ति चित्रकला के साथ ही नक्काशी की गई है। मंदिर में कई ऐतिहासिक इमारतों, युद्ध और समसामयिक घटनाओं पर आधारित चित्रण किया हुआ है। मंदिर के सबसे ऊंचे गुंबद में 16 चित्र तीर्थंकरों के जीवन चरित्र की कहानी कहते हैं।


## 4 हाथियों की ऊंचाई के बराबर नींव

इस मंदिर के बारे में कहावत प्रचलित है कि इसकी नींव 4 हाथियों की ऊंचाई जितनी है। पूरी टेकरी पर चारों तरफ उस समय उपलब्ध चूने के पत्थरों की तह जमा कर इसे भरा गया था। मंदिर की ऊंचाई इतनी है इसकी तीसरी मंजिल पर खड़ा होकर पूरे बीकानेर शहर का नजारा देखा जा सकता है। मंदिर के 500 वर्ष पूर्ण होने पर डाक विभाग द्वारा विशेष आवरण एवं विरुपण जारी किया गया था।



## कविता

### मृत्यु





डॉ. सत्यनारायण
वरिष्ठ साहित्यकार

कहां किस देश में है
तुम्हारा वास
उन्हीं घरों में क्यों
औचक देती हो दस्तक
जो चाहते हैं जीना
युगों तक
वे ही क्यों आते हैं
सबसे पहले
तुम्हारी गिरफ्त में
जबकि, उन्हें करने होते हैं
अभी कई काज
फावड़ा हाथ में लिए
वे ही खोदते हैं धरती
ताकि,
उपजा सकें
अन्न

**यह यात्रा**

नदी में जल
चूल्हे में आग
मैंने पार की
जल और आग की नदी
कितनी कथाएं
कितने खुरदरे चेहरे
खेत से खेत रहने तक की
यह यात्रा
रडकती है भीतर
साठ के पार।

**भूकंप**

कल रात
धरती हिली
क्या तुम
फिर
उदास हुई

## शब्दों की सीख



अर्चना त्यागी
जयपुर

*'आपकी बात मैं समझ रही हूं, रजत। लेकिन, काम वाली को बुलाकर उससे काम करवाने में भी मेरा उतना ही समय जाएगा, जितना खुद करने में जाता है। पैसे और अलग से खर्च होंगे।' रजत ने रीना का हाथ पकड़ कर कहा- तो अडिग रहो अपने फैसले पर। क्यों इनकी बातों से प्रभावित हो रही हो?' 'आप सही कहते हैं। इनकी बातें सुन-सुन कर मेरा भी दिमाग घूमने लगा था। अब आपने याद दिलाया कि हमें तो अपनी व्यवस्था खुद बनानी है।' रीना और रजत दोनों जोर से हंस पड़े।*

# नए मोहल्ले में नई पहल

रीना ने नए घर को बड़े मन से व्यवस्थित किया। नए परदे खरीदकर लगाए। घर में बने बगीचे को भी साफ किया। अंदर बाहर से घर का एक-एक कौना साफ किया। पड़ोसी हैरान थे यह देखकर कि किराए के घर को इतना साफ कौन करता है? अगले ही दिन शुक्ला आंटी घर पर आई। घर की व्यवस्था से बहुत प्रभावित थी।

'रीना, बेटा मेरे घर में जो काम वाली आती है, वही पुराने किरायदारों के घर में काम किया करती थी। मैंने तुम्हारे बारे में बताया था उसे। कल भेज दूंगी।' उन्होंने बड़े अपनेपन से कहा।

रीना को थोड़ा अजीब तो लगा, लेकिन वह चुप ही रही। चाय पिलाकर आंटी को विदा किया और फिर घर के काम में लग गई। एक दो दिन गुजरे। रीना को घर के काम से वक्त ही नहीं मिल पा रहा था। घर से बाहर निकलती तो सबसे हाल चाल पूछ लेती, लेकिन किसी के घर जाकर बतियाने का समय नहीं निकल पाता था। कुछ दिन और गुजरे तो दूसरी ओर के घर में रहने वाली आंटी ने एक दिन आवाज लगाई।

'रीना, कई दिनों से तुमसे बात करना चाहती थी, लेकिन तुम तो नजर ही नहीं आती हो दिन भर। हमें तो तुम्हारे आने से बड़ी खुशी हुई थी कि बात चीत होती रहेगी तो मन लगा रहेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।' एक ही बार में रीना जान गई कि आंटी बहुत ज्यादा बोलती हैं।

'जी आंटी। माफी चाहती हूं। पर काम इतना होता है कि दिन भर समय नहीं मिल पाता है। बताइए आपको क्या काम था।'

'अरे वो मेरे घर में जो काम वाली बाई आती है ना, उसको काम चाहिए। बस मेरे ही घर आती है इस गली में। तुम रखोगी तो उसका फायदा होगा। दो घर साथ साथ मिल जायेंगे।'

'आप कितनी दयालु हैं, आंटी। पर मुझे खुद घर का सारा काम करने की आदत है।'

'तेरी तो अभी ज़िंदगी को जीने की उम्र है। कहां काम धाम के चक्कर में पड़ कर थकी रहती है। काम करे काम वाली। तुम तो तैयार होकर घूमने फिरने जाओ।'

'मैं रजत से बात करके बताती हूं आपको।' कहकर रीना आंटी के लिए चाय नाश्ता लाने चली गई।

'चाय पीकर तसल्ली हुई। बहुत अच्छी चाय बनाती हो।' ऐसे ही बहुत देर तक आंटी बैठी बतियाती रही। रजत आए तो जाते जाते बोलकर गई, 'सलाह करके जल्दी ही मुझे बता देना। मैं कल काम वाली को भेज दूंगी।' रजत हैरान थे उनकी बातों से, लेकिन फिर भी उन्होंने रीना को समझाया।

'ये पॉश कॉलोनी है, रीना। नौकर की ज़रूरत हो न हो, लेकिन रखना आवश्यक है यहां पर। अभी कुछ साल यहां रहना ही है तो इनके रंग में ही रंग जाते हैं।'



'आपकी बात मैं समझ रही हूं, रजत। लेकिन, काम वाली को बुलाकर उससे काम करवाने में भी मेरा उतना ही समय जाएगा, जितना खुद करने में जाता है। पैसे और अलग से खर्च होंगे।' रजत ने रीना का हाथ पकड़ कर कहा- तो अडिग रहो अपने फैसले पर। क्यों इनकी बातों से प्रभावित हो रही हो?'

'आप सही कहते हैं। इनकी बातें सुन-सुन कर मेरा भी दिमाग घूमने लगा था। अब आपने याद दिलाया कि हमें तो अपनी व्यवस्था खुद बनानी है।' रीना और रजत दोनों जोर से हंस पड़े।

रीना कचरा डालने गई तो कॉलोनी की सारी औरतों को सड़क पर खड़े होकर कुछ बात करते हुए देखा।

'पांच दिन से कचरे वाली गाड़ी नहीं आई है। कैसी हड़ताल चल रही है? कॉलोनी में बदबू फैल गई है।'

दूसरी आंटी ने कहा, 'इससे तो ये नई आई रीना सही है, खुद ही कचरा डालकर आ जाती है।' सब हंसने लगी।

'काम वाली भी कचरा ले जाने से मना कर देती है। लंबी जुबान हो गई है उसकी भी। बोलती है, आंटी थोड़ी दूर आप भी चला करो।'

'हां मुझे तो बोल रही थी कि अलग से पैसा लगेगा कचरा उठाने का।'

'वही तो। कब तक ऐसा चलेगा कुछ समझ नहीं आ रहा है।' रीना थोड़ी देर रुकी। सबको देखकर बोली- 'आंटी पास में ही तो है,कचरे का डिब्बा। खुद ही डाल दिया करो। इतने दिनों तक कचरा घर में रहेगा तो बीमारी ही फैलेगी।' सब चुपचाप सुन रही थी। कोई जवाब न पाकर रीना घर वापिस आ गई। शाम को घूमने गई तो देखा सबने कचरा डब्बे में डाल दिया था। घर के काम में किसी की रुचि हुई या नहीं, लेकिन उस दिन के बाद से काम वाली को रखने का सुझाव देने कोई नहीं आया। नए साल पर एक नई पहल ने रीना को रोमांचित कर दिया।

**कांग्रेस को एक और झटका:** आम आदमी पार्टी भी एकला चलो की राह पर, भाजपा-अकाली दल के करीब आने से भी बढ़ेगी चुनौती

## पंजाब व चंडीगढ़ की सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप: केजरीवाल

**एजेंसी** | चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नए सहयोगियों को एकजुट करने में लगी है, वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया को लगातार झटके लग रहे हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपने लिए अलग राह बनाने का संकते दे चुकी है, वहीं बिहार में नीतीश कुमार राजग के साथ आ गए हैं। वहीं भाजपा-अकाली दल भी करीब आ रहे हैं। अब आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन को झटका दिया है। आप सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी इन सभी सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से अपने उम्मीदवारों के लिए जीत के लिए आशीर्वाद भी मांगा।

आम आदमी पार्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर अरविंद केजरीवाल का वीडिया शेयर किया है। जिसमें उन्होंने इसका ऐलान किया है। केजरीवाल ने





पंजाब सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राशन की 'डोरस्टेप डिलीवरी' के लिए आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि दो साल पहले आपने अपना आशीर्वाद दिया था। आपने हमें 117 सीटों में से 92 सीटें दीं। आपने पंजाब में इतिहास रचा। आज मैं फिर से हाथ जोड़कर आपका आशीर्वाद चाहता हूं। दो महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे।

### भगवंत मान पहले ही कर चुके थे ये दावा

इससे पहले कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा था कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पंजाब की सभी 13 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने राज्य में किसी भी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से साफ इनकार किया था। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में इतिहास रचा जाएगा, क्योंकि आप सभी 13 सीटें जीतेगी। यह राज्य सरकार की जन-समर्थक नीतियों के पक्ष में फैसला होगा और लोग पंजाब विरोधी रुख के चलते विपक्ष को बुरी तरह नकार देंगे।' मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि आप पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल ने मान के इस दावे पर शनिवार को मोहर लगा दी है।

### भाजपा- अकाली दल में गठबंधन के आसार

दूसरी ओर पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए पुराने सहयोगी शिरोमणि अकाली दल और भाजपा फिर से करीब आने के प्रयासों मे जुटे हैं। कृषि बिलों के विरोध में साथ छोड़ने वाले अकाली दल को दोबारा राजग में शामिल कराने पर चर्चा जारी है। सूत्रों की मानें तो अकाली प्रमुख सुखबीर बादल ने पंजाब में गठबंधन के लिए भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ बातचीत की है। पंजाब में दोनों ही पार्टियां संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में अगर दोनों साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो उन्हें फायदा हो सकता है। सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव को देखते हुए अकाली दल और भाजपा के बीच जल्द ही कोई समझौता हो सकता है। अकाली दल के साथ भाजपा चुनाव पूर्व गठबंधन कर सकता है। 2017 और 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद अकाली दल एक बार फिर अपनी ताकत बढ़ाना चाहता है। बता दें कि दोनों पार्टियों के बीच 1996 में पहली बार गठबंधन हुआ था। लेकिन किसान आंदोलन के दौरान अकाली दल ने भाजपा का साथ छोड़ दिया था।

---

### छगन भुजबल को मिली धमकी भरी चिट्ठी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक चिट्ठी मिली है जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में आगाह किया गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मंत्री के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल के नासिक दफ्तर में शुक्रवार को यह चिट्ठी भेजी गई थी। चिट्ठी में कह गया है कि पांच लोगों को भुजबल को नुकसान पहुंचाने के लिए 50 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। वे लोग मंत्री की तलाश में हैं। भुजबल ने मीडिया से कहा, मैं अपने विचारों पर अडिग हूं। जितनी भी चिट्ठी मिले, मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं अपने विचारों के साथ काम करना जारी रखूंगा।

### मराठा आरक्षण: जरांगे की भूख हड़ताल फिर शुरू

**जालना।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर मनोज जरांगे ने शनिवार को फिर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। इस बार जरांगे कुनबी मराठों पर मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने के लिए दो दिनों में राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। एक साल से भी कम समय में जरांगे चौथी बार भूख हड़ताल कर रहे हैं। अंतरवाली सरती गांव में जरांगे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य भर में मराठा समुदाय के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले तुरंत वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार को दो दिनों में राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए और रक्त संबंधियों के संबंध में कानून लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को कुनबी रिकॉर्ड रखने वाले 57 लाख लोगों को ओबीसी जाति प्रमाण पत्र जारी करना चाहिए।

---

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह की घोषणा...

# लोस चुनाव से पहले देश में लागू होगा CAA, कोई भ्रम में ना रहे

■ किसी भी व्यक्ति की नहीं छीनी जाएगी नागरिकता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की व्यूहरचना के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो जाएगा। इसे लेकर किसी को भ्रम नहीं होना चाहिए।

शाह ने एक मीडिया समूह के ग्लोबल बिजनेस शिखर को संबोधित करते हुए इस बात की घोषणा की है। उन्होंने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। हमारे मुस्लिम भाईयों को गुमराह किया जा रहा है। भड़काया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तानी, अफगानिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है।

शाह ने कहा कि यह भी कांग्रेस का वादा है। उन्होंने कहा, जब देश का विभाजन हुआ और वहां पर अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जाता था। उस दौरान वह सभी भारत में भाग कर आना चाहते थे, तब कांग्रेस ने कहा था कि आप यहां आइए, आपको यहां नागरिकता दी जाएगी।

शाह ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 सीट एवं उसके नेतृत्व वाले राजग को 400 से अधिक सीट मिलेंगी और केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कोई संशय नहीं है और यहां तक कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों को भी एहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा।



### राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर उन्होंने कहा, नेहरू-गांधी परिवार के वारिस को इस तरह के मार्च के साथ आगे बढ़ने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि 1947 में देश के विभाजन के लिए उनकी पार्टी जिम्मेदार थी।

### क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की तैयारी

कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर गृहमंत्री ने कहा, भाजपा परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं। अकाली दल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि विकास और केवल नारे देने वालों के बीच होगा।

### यूपीए की गड़बड़ियां जानने के लिए जरूरी था श्वेत पत्र

संसद में सरकार की ओर से पेश किए गए श्वेत पत्र पर शाह ने कहा, यह जरूरी था, क्योंकि देश को यह जानने का पूरा हक है कि कांग्रेस नीत यूपीए ने 2014 में सत्ता खोने से पहले क्या गड़बड़ी की थी। दस साल बाद हमारी सरकार ने अर्थव्यवस्था को फिर से जिंदा किया है। विदेशी निवेश आया है और कोई भ्रष्टाचार नहीं है। इसलिए, श्वेत पत्र प्रकाशित करने यह सही समय है।

### 2014 से पहले भारत आए लोगों को मिलेगी नागरिकता

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए सीएए का उद्देश्य हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है, जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हैं।

---

**किसानों का फिर** 13 को दिल्ली कूच

## राजधानी की सीमा पर नाकेबंदी, हरियाणा के कई जिलों में नेट बंद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

किसानों के 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने को लेकर दिल्ली व हरियाणा पुलिस पूरी तरह अलर्ट हैं। टीकरी, सिंघु सहित सभी बॉर्डर पर पूरी तरह नाकेबंदी कर पुलिस तैनात कर दी गई है। किसानों का दिल्ली में प्रवेश रोकने के लिए बैरिकेड की संख्या बढ़ाई गई है। वाटर केनन, टायर किलर, क्रेन, हाइड्रोलिक मशीनें, कंटेनर और बड़े-बड़े पत्थर आदि की व्यवस्था कर दी गई है।

ड्रोन से निगरानी की जा रही है। दूसरी ओर किसानों की दिल्ली कूच के चलते हरियाणा के अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद करने की तैयारी है। वहां इंटरनेट सेवा रविवार सुबह 6 बजे से 13 फरवरी रात 11.59 तक जारी रहेगी।

हरियाणा के डी.जी.पी. शत्रुजीत कपूर ने शनिवार अम्बाला के शंभु बॉर्डर, सद्दोपुर बॉर्डर का निरीक्षण करते हुए यहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ आई.जी. अम्बाला रेंज सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, उपायुक्त अम्बाला डा. शालीन विशेष तौर पर मौजूद रहे। 13 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू से ही कड़े प्रबंध किए गए हैं।



### तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात करने की तैयारी

हरियाणा की सीमा करीब तीन हजार पुलिसकर्मियों को तैनात करने की संभावना है। बॉर्डर के सुरक्षा इंतजाम को देखते हुए सीमेंट के बैरिकेड्स सीमा पर लाए जा रहे हैं। मुकरबा चौक से सिंघु बॉर्डर तक लगाए गए कैमरों की जांच की जा रही है। खराब पड़े कैमरों को ठीक किया जा रहा है। बॉर्डर से आने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बॉर्डर के अलावा अन्य जगहों से दिल्ली आने वाले रास्तों पर भी पुलिस को तैनात किया गया है।

---


**राज्यसभा में हंगामा:** चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर बोलना चाहते थे जयंत

## जयंत चौधरी के बोलने पर खरगे ने उठाया सवाल, तो नाराज हुए सभापति धनखड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवर को राज्यसभा में उस समय हंगामा हो गया जब रोलोद नेता जयंत चौधरी अपने दादा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर बोल रहे थे। इस बीच कांग्रेस के सदस्य जयराम रमेश ने जयंत चौधरी के खिलाफ टिप्पणी कर दी।

इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गई। हंगामा नहीं रुका तो जयंत चौधरी अपनी बात पूरा किए बिना बैठ गए। तब सभापति ने सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से अपील की। खरगे ने कहा कि जिन विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन पर कोई वाद-विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, मैं सभी को सलाम करता हूं, लेकिन यदि कोई सदस्य मुद्दा उठाना चाहता है तो आप पूछते हैं किस नियम के तहत। खरगे ने सवाल किया कि आखिर जयंत चौधरी को किस किस नियम के तहत बोलने की अनुमति दी गई।





### लगा अपमान करने का आरोप

इस बीच, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने खरगे पर आसन का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी चौधरी चरण सिंह और नरसिंह राव को भारत रत्न दिए जाने से बेचैन है, उसे यह रास नहीं आ रहा है। फिर सभापति धनखड़ ने कहा कि वो चौधरी चरण सिंह का अपमान किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

---

**पीएम ने किया 24,184** आवासों का ई-लोकार्पण

## गरीब के लिए अपना घर ही उसके उज्वल भविष्य की गारंटी: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि किसी भी गरीब के लिए उसका अपना घर उसके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी होता है। जब ऐसे काम होते हैं, तभी देश कहता है 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी। पीएम मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजारात में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत 24,184 घरों का ई-लोकार्पण करते हुए ये बात कही। ये आवास 1,411 करोड़ की लगत से बने हैं। इस अवसर पर पीएम मोदी ने लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हर किसी के पास पक्की छत हो, अपना खुद का घर हो। पीएम ने इस दौरान कहा कि अभी पिछले महीने ही मुझे वाइब्रेंट गुजरात समिट में आने का मौका मिला था। वाइब्रेंट गुजरात के 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस बार का आयोजन भी आपने बहुत शानदार तरीके से किया। ये गुजरात और देश के लिए निवेश के लिहाज से बहुत बेहतर कार्यक्रम था।



---

**बिहार: विश्वास मत से पहले बढ़ी सियासी सरगर्मी**

# किलेबंदी में जुटे राजद व जदयू, एकजुटता भोज में तोल रहे ताकत

**एजेंसी** | पटना

बिहार में 12 फरवरी को नीतीश कुमार की जदयू और भाजपा नीत नई सरकार की अग्नि परीक्षा होनी है। सरकार को बहुमत साबित करना है और इसके लिए राजद और जदयू, दोनों ही खेमों ने किलेबंदी शुरू कर दी है। सेंधमारी की आशंका से चिंतित दल अपने अपने विधायकों को एकजुट करने में जुटे हैं। दोनों खेमों की ओर से शनिवार को एकजुटता भोज का आयोजन हुआ और सियासी व्यूहरचना की गई। कांग्रेस के विधायक हैदराबाद में हैं, वहीं भाजपा विधायकों का गया में प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। राजद की कोशिश है कि नीतीश कुमार

■ राजद विधायक तेजस्वी के घर पहुंचे, उनके नजरों के सामने रहेंगे





विधानसभा में बहुमत साबित न कर पाएं। राजद ने अपने विधायकों को एक जगह जुटा लिया है और इन्हें ये तेजस्वी यादव के नाम से आवंटित सरकारी आवास में रखे गए हैं। अगले 40 घंटे तक सभी विधायक अब तेजस्वी आवास में ही रहेंगे।

विश्वासमत से पहले एकजुटता सुनिश्चित करने को लेकर राजद के शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार सुबह सभी विधायकों को अचानक से पटना तलब कर लिया। जो विधायक जहां थे, वहीं से तेजस्वी आवास पहुंचने लगे। दोपहर बाद तीन बजते-बजते तेजस्वी आवास पर विधायकों की गहमागहमी बढ़ गई।

शाम करीब साढ़े चार बजे तेजस्वी यादव समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं ने विधायकों से संवाद किया।

इस दौरान सभी को एकजुट रहने और बाहरी लोगों से संपर्क न रखने का निर्देश दिया गया। बैठक खत्म होने के बाद विधायकों को बताया गया कि सोमवार तक अब सभी को तेजस्वी आवास में ही रुकना है। किसी को भी बाहर जाने की इजाजत नहीं होगी।

### जदयू विधायकों को व्हिप जारी

जदयू विधायकों को विधानसभा के बजट सत्र के लिए व्हिप भी जारी कर दिया गया है। भोज के पहले मंत्री विजय चौधरी व श्रवण कुमार ने उन्हें संबोधित भी किया। यह नसीहत दी गई कि सदन में पूरी ताकत के साथ मौजूद रहना है।

### जदूय भोज में नहीं आए पांच विधायक

दूसरी ओर मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि नीतीश सरकार में मंत्री श्रवण कुमार कुमार द्वारा शनिवार को जदयू विधायकों को दिए गए भोज में पार्टी के पांच विधायक नहीं दिखे। लेकिन, जो विधायक और नेता भोज में आए थे, उन्होंने नीतीश कुमार का साथ देने का वादा किया। लेकिन कुछ विधायकों भोज में नहीं पहुंचने से अटकलों का बाजार गरम है। चर्चा तो ये भी है कि तेजस्वी यादव ने खेला कर दिया है। हालांकि कहा जा रहा है कि पूर्व से तय अपने कार्यक्रम के कारण वे लोग नहीं आए। यह जानकारी भोज के आयोजक को दे दी गई थी। रविवार को मंत्री विजय चौधरी के आवास पर होने वाली विधायक दल की बैठक में इनकी मौजूदगी रहेगी।जदयू विधायक डॉ. संजीव, शालिनी मिश्रा, सुदर्शन, दिलीप राय व बीमा भारती भोज में गैरमौजूदगी रहे। उन्होंने शनिवार के भोज में नहीं रहने के बारे में श्रवण कुमार को जानकारी पहले दे दी थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कुछ देर के लिए जदयू विधायकों के भोज में पहुंचे। भोज की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद वह लौट गए। उन्हें एक आयोजन में जाना था।

### राजद विधायकों का दावा- खेला होगा

वहीं, राजद विधायक रामानुज यादव ने फ्लोर टेस्ट के दौरान खेल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सियासत संभावनाओं का खेल है। राजनीति में जोड़-तोड़ चलता रहता है। आरजेडी विधायक ने कहा कि जो लोग बहुमत का दावा कर रहे हैं, वे फेल हो जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि सदन में हमारे पास बहुमत है। अभी देखिए.. आगे क्या होता है। आरजेडी विधायक ने कहा कि खेल अभी बाकी है। विधायक सुरेंद्र राम ने यह कहा कि सब कुछ अच्छा होने वाला है। आने वालों को रोका नहीं जा सकता है।

## विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन...सऊदी अरब है अतिथि देश




*नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। मेले में इस बार अतिथि देश सऊदी अरब है। लगभग 400 वर्ग मीटर के पवेलियन में सऊदी अरब के प्रकाशकों की पुस्तकें हैं। यह मेला 18 फरवरी तक चलेगा। दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रवेश निशुल्क है।*

## जरूरी खबर

### ईपीएफओ ने ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

EPFO Employees Provident Fund Organisation

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ ने मार्च 2023 में 2022-23 के लिए ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया था, जो 2021-22 में 8.10 प्रतिशत थी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में ईपीएफ के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी।

### समीर वानखेड़े पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**मुंबई।** मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू कर दी है और एनसीबी के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।ईडी ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पिछले साल, सीबीआई ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स-ऑन-क्राइम मामले में फंसाने के लिए कथित तौर पर 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के लिए वानखेड़े पर मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने कहा यह सौदा 18 करोड़ में पूरा हुआ, वानखड़े की संपत्ति उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से ज्यादा थीं।

### प्रमोद कृष्णम छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने प्रमोद कृष्णम को पार्टी से बाहर का रास्ता निकाल दिया है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर जानकारी दी कि प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता की शिकायतों और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयानबाजी को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## पेपर लीक पर लगाम लगाने वाला विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में अन्य अनियमितताओं पर अंकुश लगाने वाले विधेयक को संसद ने शुक्रवार को पारित कर दिया। संसद से पारित लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 में अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रविधान है। परीक्षार्थियों को इस कानून से अलग रखा गया है। इस विधेयक को शुक्रवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक छह फरवरी को लोकसभा से पारित हो गया था। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री ने कहा कि यह विधेयक युवाओं के भविष्य के साथ खेलने वालों पर लगाम लगाने के लिए है। विपक्षी दलों कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने उच्च सदन में विधेयक का समर्थन किया, लेकिन पेपर लीक, धोखाधड़ी और अन्य कदाचार की घटनाओं को रोकने के लिए और अधिक कड़े मानदंडों और उपायों को सख्ती से लागू करने का आह्वान किया।

### हल्द्वानी में हिंसा की होगी मजिस्ट्रेटी जांच, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

# बाहरी इलाकों से हटाया गया कर्फ्यू, अब स्थिति नियंत्रण में

### एडीज ने हल्द्वानी में डेरा डाला, प्रभावित इलाके में गश्त

### हिंसा के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश

**एजेंसी** | हल्द्वानी

उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा जहां गुरुवार को एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर भीड़ ने आगजनी और तोड़फोड़ की थी। शहर के बाहरी इलाके में दुकानें शनिवार को खुलीं लेकिन स्कूल बंद हैं। हल्द्वानी में हिंसा में मरने वालों की संख्या छह हो गई है। पुलिस ने 18 नामजद आरोपियों सहित 5000 उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया



है।इस बीच, पुलिस ने हिंसा के मास्टरमाइंड समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अवैध निर्माण का कार्य अब्दुल मलिक व उसके बेटे के द्वारा ही किया गया था। अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान सबसे ज्यादा विरोध भी अब्दुल मलिक के द्वारा ही किया गया था। सएसपी ने बताया कि अभी मौके पर अर्द्धसैन्य बलों की 10 कंपनियां तैनात हैं। पीएसी की 5 कंपनियां भी यहां सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही हैं। इसके साथ ही कुमाऊं मंडल की सभी चौकियों और थानों की पुलिस भी हल्द्वानी में तैनात है। पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

#### इंटरनेट सेवाएं निलंबित

सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। एडीजी ने कहा कि बनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू अभी लागू है. हालांकि, निवासियों को समय-समय पर आवश्यक सामान खरीदने की अनुमति दी जा रही है। काठगोदाम तक रेल सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अभी कहीं से भी किसी और अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम कर्मियों और पुलिस पर पथराव किया और पेट्रोल बम फेंके थे जिससे कई पुलिसकर्मियों को एक थाने में शरण लेनी पड़ी, जिसे भीड़ ने आग के हवाले कर दिया था।

### NMC की मेडिकल कॉलजों को चेतावनी

## PG छात्रों को हॉस्टल में रहने को मजबूर न करें

**एजेंसी** | नई दिल्ली



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेजों के लिए एक नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज स्नातकोत्तर छात्रों को हॉस्टल में रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं।

एनएमसी ने मेडिकल कॉलेजों को याद दिलाते हुए कहा कि छात्रों को हॉस्टल उपलब्ध कराना अनिवार्य है, लेकिन कॉलेज छात्रों को हॉस्टल में रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। आयोग ने इसके साथ ही चेतावनी दी कि मेडिकल कॉलेज महंगे हॉस्टल में रहने के लिए मजबूर करने और इसके बदले मोटी रकम वसूलने से बाज आएं।

नोटिस में कहा गया है कि निर्देश का पालन न करने वाले मेडिकल कॉलेजों पर आर्थिक दंड, सीटों में कटौती और प्रवेश रोकने जैसी सख्त कार्रवाई की जा सकती है। आठ फरवरी को जारी किए गए नोटिस में आयोग ने पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन (पीजीएमईआर), 2023 का उल्लेख किया किया है।

एनएमसी ने दावा किया कि आयोग को पीजी छात्रों से कई शिकायतें मिली हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ मेडिकल कॉलेज/संस्थान छात्रों को कॉलेजों और संस्थानों द्वारा प्रस्तावित छात्रावास में रहने के लिए मजबूर कर रहे हैं और इसके लिए मोटी रकम वसूली जा रही है

### प.बंगाल: महिला कैदियों के गर्भवती होने पर लिया संज्ञान

## सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील को रिपोर्ट सौंपने का दिया निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में



सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं।

इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

## NIA के तमिलनाडु और J&K में छापे

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु में एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की है। दोनों जगह जगह अलग अलग मामलों में छापे मारे। हालांकि, दोनों ही मामले आतंकवाद से जुड़े हैं। जम्मू कश्मीर में एनआईए ने टेरर फंडिंग के मामले को लेकर जमात-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े लोगों और उनके 10 ठिकानों पर छापे मारे। तमिलनाडु में 2022 में कोयंबटूर में हुए बम धमाके को लेकर राज्य के 27 जगहों पर छापेमारी की गई। इस ब्लास्ट में आईएसआईएस का हाथ था। एनआईए के अधिकारी चेन्नई, त्रिची, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर में एक साथ छापे मारने पहुंचे।

### ईपीएफओ का सार्वजनिक कार्यक्रम शुरू




*नई दिल्ली। श्रम और रोजगार मंत्रालय में सचिव आरती आहूजा ने शनिवार को नई दिल्ली में ईएसआईसी और ईपीएफओ के सार्वजनिक कार्यक्रम का उद्घान किया।*

### सैन्य ताकत व कनेक्टिविटी बढ़ेगी

# LAC: थोइस एयरबेस पर हवाई अड्डे का निर्माण शुरू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट नुब्रा क्षेत्र में थोइस एयरबेस पर एक नए नागरिक टर्मिनल भवन का निर्माण शुरू कर दिया है। यह वह क्षेत्र हैं जहां एलएसी पर भारत और चीन तनाव जारी है।

माना जा रहा है कि भारत की यह कार्रवाई चीन की आंखों में आंखें डालकर अपने भौगोलिक क्षेत्र में निर्माण कार्य को बढ़ावा देने और उसे जवाब देने की है। पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से इस क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने की स्थिति



में है और अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ सीमा अतिक्रमण का आरोप लगाते रहे हैं। थोइज एक सैन्य एयरबेस है, जिसका रनवे विशेष रूप से सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग किया जाता है लेकिन उड़ान योजना के तहत सरकार यहां से अधिक से अधिक यात्री उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। हाल के दिनों में लेह से कुछ नागरिक उड़ानें देखी गई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार थोइज में एक नए एकीकृत यात्री टर्मिनल के निर्माण के लिए एक सलाहकार नियुक्त करने के लिए शनिवार को बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं।

#### लद्दाख में होगा दूसरा नागरिक हवाई अड्डा

थोइस एयरबेस पर टर्मिनल भवन बन जाने से यह लद्दाख में दूसरा नागरिक हवाई अड्डा बन जाएगा। इससे एलएसी के पास सुदूर उत्तर तक भी नागरिकों की हवाई उड़ान से कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 130 करोड़ रुपए आंकी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार थोइज में 5,300 वर्गमीटर क्षेत्र के साथ एक केंद्रीय वातानुकूलित घरेलू यात्री टर्मिनल भवन बनने की उम्मीद है।

#### बुनियादी ढांचे के लिए भूमि की मंजूरी

सरकार ने इसके लिए 28 कनाल भूमि को मंजूरी दी है जिस पर नागरिक उड़ानों के लिए टर्मिनल और अन्य संबद्ध बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। थोइज में एक नागरिक हवाई अड्डे के लिए स्थानीय लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे।

#### भारत-चीन में तनाव

2020 के पहले से ही पूर्वी लद्दाख में एलएसी के करीब भारत-चीन के सैनिकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में चीन की विस्तारवादी नीति को देखते हुए भारत ने ना केवल अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत करने पर फोकस किया है बल्कि एलएसी तक पहुंच को और सुविधापूर्ण बनाने का फैसला किया है। सीमा सड़क संगठन ने नुब्रा घाटी में ससोमा से काराकोरम दर्रे के पास तक सड़क निर्माण का कार्य भी तेज किया है।

### हिंद महासागर सम्मेलन

## हम जल्द UN में स्थाई सदस्य होंगे: जयशंकर

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ पर्थ

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमें 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन ऐसा आसान नहीं होगा क्योंकि वहां बहुत सारे देश हैं, जो हमें रोकना चाहते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनियाभर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है। जयशंकर ने आस्ट्रेलिया के पर्थ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया के कई देशों को भारत पर भरोसा है। ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई देशों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था। कई देश आज कर्ज की स्थिति में है। आज का भारत भरोसेमंद और अच्छा है।

#### भारत का समय आने वाला है

जयशंकर ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष हमारे लिए खास है। ये वर्ष भारत के परिवर्तन के वर्ष होंगे, जो विश्व की स्थिति को भी बदल देगा। भारत आने वाले समय में एक बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। दुनिया पर इसका खास प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब हमारा समय आ रहा है, आप सभी जानते हैं।

**राजस्थान आईटी गेम्स का शुभारंभ:** विभिन्न जिलों के 200 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

# खेल में कोई हारता नहीं, एक पक्ष जीत जाता है तो दूसरा सीखता है

**बेधड़क। जयपुर.** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि 'खेल में कोई भी पक्ष हारता नहीं है। एक पक्ष जीत जाता है तो दूसरा सीखता है। केंद्र सरकार देश की युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार भी युवाओं को सभी प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।' राठौड़ शनिवार को भवानी निकेतन ग्राउंड में आईटी यूनियन राजस्थान द्वारा आयोजित 'राजस्थान आईटी गेम्स 2024' के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को उत्साहित और प्रेरित करती हैं और साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान के संकल्प को साकार करने में योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल के मैदान पर खेलने से आपस में टीम भावना जागृत होती है तथा इसका कार्य क्षेत्र में भी लाभ होता है।





### खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह देखना सुखद है कि विभाग के कार्मिक राजकीय कार्यों के निर्वहन के साथ ही खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खेलों को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। विभाग के अतितिक्त निदेशक संजय कार्णिक ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### पांच दिन तक 28 टीमें खेलेंगी मैच

इससे पहले आईटी यूनियन राजस्थान के प्रेसिडेंट कपिल चौधरी ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभागी टीमों के साथ ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। पांच दिन तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से 28 टीमों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



## डेल्टा जयपुर टीम ने जीता इंटरनेशनल हाई गोल मैच




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान पोलो क्लब में शनिवार को 18 गोल का इंटरनेशनल हाई गोल मैच खेला गया। मैच हर्लिंगम 1875 लंदन और डेल्टा जयपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम डेल्टा जयपुर ने हर्लिंगम 1875 लंदन को 6-5 के स्कोर से हराया। जॉर्ज मेरिक को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब मिला। इस अवसर पर जोधपुर के के पूर्व महाराजा गज सिंह और डेल्टा फाउंडेशन की चेयरपर्सन, डॉ. ऐश्वर्या पालीवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम से अभिमन्यु पाठक ने 3 गोल, शमशीर अली ने 2 गोल, और कुलदीप सिंह राठौड़ ने 1 गोल किया। टीम में सवाई पद्मनाभ सिंह भी शामिल रहे। वहीं, टीम हर्लिंगम 1875 लंदन के लिए क्रिस मैकेंजी ने 2 गोल किए। कियान हॉल, गौंची बरनाल और जॉर्ज मेरिक ने एक-एक गोल किया।


## राजस्थानी फिल्मों को लेकर निगेटिव डायलॉग ठीक नहीं



**बेधड़क. जयपुर।** 'राजस्थानी फिल्मों के लिए फंड्स से ज्यादा फैसिलिटीज, इंफ्रास्ट्रक्चर और लोकेशन की ज्यादा जरूरत है। इसके साथ ही राजस्थानी फिल्मों को लेकर निगेटिव डायलॉग बंद होने चाहिए।' ये सुझाव जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'राजस्थानी सिनेमा: क्या फिर आएगा सुनहरा दौर?' विषय पर चर्चा में फिल्म मेकर्स ने दिए। चर्चा में जिफ के फाउंडर हनु रोज, फिल्म डायरेक्टर मनोज कुमार पांडेय और राकेश गोगना ने अपने विचार रखे। मनोज कुमार ने कहा कि राजस्थान की जनसंख्या 8.5 करोड़ है। अगर एक एक रुपए लेकर भी फिल्म बनाई जाए तो एक अच्छी फिल्म बनाई जा सकती है। डायरेक्टर राकेश गोगना बताया कि कैसे राजस्थान में राजस्थानी बोलने वालों को कम पढ़ा लिखा आंका जाता है। एक बड़े बदलाव और भाषायी अपनाव की जरूरत है। उन्होंने भाषायी सिनेमा के क्रेज की बात करते हुए बताया कि कैसे असमी, बंगाली, उड़िया सिनेमा बढ़ रहे हैं और हरियाणवी सिनेमा को तो ओटीटी पर भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

## City इवेंट्स

### 'डर के आगे जीतू है' की स्क्रीनिंग आज




**बेधड़क. जयपुर।** कई हंदी फिल्मों का लेखन कर चुके भूपेंद्र सिंह गुर्जर 'मेघ' अब डायरेक्शन में उतर गए हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'डर के आगे जीतू है' की स्क्रीनिंग रविवार को जयपुर में होगी। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'डर के आगे जीतू है' को बेस्ट राजस्थानी फिल्म पैनोरमा श्रेणी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड दिया जाएगा। फिल्म एक बच्चे और उसके आत्म विश्वास की कहानी है, जो कि भूत के डर के कारण परेशान है। कैसे एक घटना उसका जीवन बदल देती है। गौरतलब है कि मेघ इससे पहले चार हिंदी फिल्मों का लेखन कर चुके हैं, जिनमे युवा, फ्राईडे, मोतीचूर चकनाचूर और जीवन भीमा योजना शामिल हैं। फिल्म में युवराज शास्त्री, खुशबू अत्रे, मेघव्रत सिंह, बृजेंद्र काला, सुकेश आनंद ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म को राजस्थान के दौसा जिले के पावटा गांव और आसपास के क्षेत्र में फिल्माया गया है।

### LL की कास्ट ने फैन्स संग की मस्ती


फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क. जयपुर।** किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' की शनिवार को जयपुर में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें फिल्म की टीम भी जयपुर पहुंची। स्क्रीनिंग के दौरान फैन्स की मैडनेस देखने लायक थी। इस मजेदार फिल्म में प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल जैसे एक्टर्स हैं। कुछ समय पहले सामने आए फिल्म के ट्रेलर ने किरण राव की इस मूवी के प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी। बता दें कि पिछले दिनों भोपाल में स्क्रीनिंग के बाद 'लापता लेडीज' की निर्देशक किरण राव और लीड कास्ट ने पिंक सिटी जयपुर फिल्म इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग अटैंड की और खूब एंजॉय किया। इस दौरान टीम तस्वीरें क्लिक करवाने से लेकर फैन्स के सवालों के जवाब देते हुए खूब मस्ती के मूड में नजर आई। राव ने भारत के दिल में बसी एक कहानी पेश की है। 'लापता लेडीज एक देशी कहानी होने के साथ साथ शहरों पर भी फोकस करती है। टीम ने फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के सीहोर के रियल लोकेशन्स पर की और फिल्म के हिस्से के रूप में गांव के लोगों और जगहों को भी शामिल किया।

**रक्तदाताओं को किया सम्मानित**

## थड़ी मार्केट के जैन मंदिर में शिविर, 150 यूनिट रक्त एकत्र



**बेधड़क। जयपुर**

मानसरोवर स्थित थड़ी मार्केट स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 11, अग्रवाल फार्म पर आशा शाह मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को लगाए गए रक्तदान शिविर में 150 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। शिविर सुबह 9:30 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर 3:30 बजे तक चला। इस दौरान 150 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र शाह ने बताया कि आयोजन में दिगंबर जैन महासमिति अंचल अध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या, प्रदेश महामंत्री पूर्व आईपीएस अनिल जैन, प्रदेश मंत्री महावीर बाकलीवाल, अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, सुरेशचंद जैन बांदीकुई वाले, अशोक लुहाड़िया, सुनील गंगवाल, लोकेंद्र पाटनी, राकेश लुहाड़िया, लोकेश सोगानी सहित थड़ी मार्केट जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष, मंत्री, युवा व महिला मंडल के पदाधिकारियों सहित दिगंबर जैन महासमिति, दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप नवकार सहित अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ, भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद सहित विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारी मौजूद रहे। ट्रस्ट के सचिव दीपक शाह, कोषाध्यक्ष अर्चना शाह, वंदना शाह, डॉ महेंद्र जैन, रानी पाटनी, मंजू जैन, कुसुम जैन एवं पवन जैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में योगदान दिया और रक्तदान किया। अंत में ट्रस्ट की ओर से रक्तदान करने वालों का प्रमाण पत्र और बेडशीट भेंट कर सम्मान किया गया।

**जेकेके में प्रदर्शनी का शुभारंभ**

## फूड फोटोग्राफी एग्जीबिशन में दिखा खाने के प्रति जुनून



**बेधड़क। जयपुर**

जयपुराइट्स ने फूड ब्लॉगर्स और फोटोग्राफर्स से मिलने का तो आनंद उठाया ही, साथ ही फूड फोटोज को भी निहारा। मौका था दो दिवसीय फूड फोटोग्राफी एग्जीबिशन का जो शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में शुरू हुई।

राजस्थान फोटो फेस्टिवल के अंतर्गत होटल ग्रैंड सफारी की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन हवामहल विधानसभा विधायक बालमुकुंद आचार्य, समाज सेवी पवन गोयल और वरिष्ठ आरएएस पंकज ओझा ने किया। प्रदर्शनी में 180 से ज्यादा फोटोग्राफर्स की 330 से अधिक फोटोज को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी फूड ब्लॉगर्स और फोटोग्राफर्स को एक मंच पर लाने का प्रयास है। प्रतिभागियों ने खाने के प्रति अपने जुनून को फोटोग्राफी के हुनर से बखूबी दर्शाया। पहले दिन प्रदर्शनी के प्रति कला प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। स्ट्रीट फूड, इटेलियन, चाइनीज समेत तरह तरह के खाने की आकर्षक तस्वीरें यहां देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी में विशिष्ठ अतिथि टीटू प्रिंट से टीटू तनवानी, दीपक गुप्ता, सुधीर माथुर, डॉ. विवेक शर्मा, एसीपी पुष्पेंद्र सिंह, राघव गोयल, मनाली गोयल, संजय कुमावत, रघु आदित्य, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, कोमल चौहान, शिवसिंह शेखावत रहे। राघव गोयल ने बताया कि होटल ग्रैंड सफारी में आवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी प्रतिभागियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

**पिंक मैलोडीज चैप्टर** | इंटरनेशल फैलोशिप ऑफ रोटरी म्यूजिशियन्स चैप्टर की चार्टर सेरेमनी पर कार्यक्रम

# गोल्डन एरा के मेलोडियस सॉन्ग पर झूमे जयपुराइट्स

**बेधड़क। जयपुर**

गाता रहे मेरा दिल, दीए जलते हैं फूल खिलते हैं, मुसाफिर हूं यारों ना घर है ना ठिकाना, छोटी सी ये दुनिया और पल पल दिल के पास तुम रहती हो जैसे मेलोडियस गानों से माहौल संगीतमय हो गया। जो जहां बैठा था, वहीं उसके पैर थिरक रहे थे। यह माहौल था इंटरनेशनल फैलोशिप ऑफ रोटेरियन म्यूजिशियन्स की शुक्रवार को हुई चार्टर सैरेमनी का। 'पिंक मैलोडीज चैप्टर' के नाम से अजमेर रोड स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम में मेंबर्स ने एक से बढ़कर एक बॉलीवुड गाने सुनाए।



**हर दो महीने में होगा कार्यक्रम**

कार्यक्रम में मुंबई से आए आईएफआरएम (3056) के इंडिया-श्रीलंका चैप्टर के वॉइस चेयरमैन रो. पद्मनाभम पैट्टी अय्यर ने आईएफआरएम चार्टर सौंपा। जयपुर चैप्टर के फाउंडर चेयरमैन और चार्टर प्रेसिडेंट रो. राजेश शर्मा, वाइस चेयरमैन रो. विनोद गर्ग और सेक्रेटरी रो. संजय कौशिक ने चार्टर ग्रहण किया। चार्टर प्रेसिडेंट राजेश शर्मा ने बताया कि 'पिंक चैप्टर' अब संगीत के जरिए समाज में खुशनुमा माहौल बनाने के लिए हर दो महीने में ऐसे सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिनके जरिए लोग खुद के भीतर म्यूजिक थैरेपी का असर महसूस करें। अब तक 55 सदस्य इससे जुड़ गये हैं, जिनमें 15 महिला सदस्य भी शामिल हैं।

### रोटरी सदस्य और म्यूजिक लवर्स रहे मौजूद

कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की डीजीई रो. डॉ. राखी गुप्ता, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जोनल हैड रो. राजेश भातरा सहित तकरीबन 60 से ज्यादा रोटरी सदस्य और म्यूजिक लवर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर आईएफआरएम जयपुर के सेक्रेटरी संजय कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 11 फरवरी, 2024





एकांत एक उपहार है। और बाक़ी सब परीक्षा है तुम्हारे धैर्य की और तुम्हारे जुनून की।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## सैकड़ों गाड़ियों के बीच क्रैश हुआ प्लेन



*वाशिंगटन। फ्लोरिडा में हाईवे पर एक प्लेन क्रैश की घटना सामने आई। गार्डियन की रिपोर्ट की मानें तो विमान ने हवा में नियंत्रण खो दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में दो लोगों की जान चली गई। उस विमान में सवार बाकी यात्री बच गए लेकिन हालत गंभीर है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को फ्लोरिडा हाईवे पर एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उस विमान में पायलट समेत पांच लोग सवार थे। हवा में अचानक विमान के इंजन में खराबी आ गई। मालूम हो कि एयरपोर्ट पर लैंडिंग से कुछ मिनट पहले विमान के इंजन में आग लग गई। यह नियंत्रण खो बैठा और हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड और बचाव दल मौके पर पहुंचा। यात्रियों को विमान से बचाया गया और स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दो यात्रियों की मौत हो गई। बाकी तीन का इलाज चल रहा है जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।*

### मलेशिया में सुप्रीम कोर्ट ने 'रद्द' किया शरिया कानून

# भड़के मुस्लिम कट्टरपंथी, फैसले के विरोध में उतरे सड़कों पर

**एजेंसी** | कुआलालंपुर

मलेशिया की सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला लिया है, जो इस्लामिक कट्टरपंथियों को नाराज करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केलंतन राज्य में शरिया आधारित आपराधिक कानूनों को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संघीय सरकार का अधिकार है और इस तरह के कानून उसका अतिक्रमण हैं। इस्लामवादियों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की निंदा की है और कहा कि यह धार्मिक अदालतों को कमजोर कर सकता है। केलंतन राज्य सरकार विपक्ष की ओर से संचालित है। नौ सदस्यीय संघीय न्यायालय ने 8-1 के बहुमत से केलंतन राज्य सरकार की ओर से बनाए गए 16 कानूनों को अमान्य करार दिया, जिसमें कुकर्म, यौन उत्पीड़न, अनाचार और 'क्रॉस ड्रेसिंग' (विपरीत लिंग से संबंधित कपड़े पहनना) से लेकर झूठे सबूत देने तक के अपराधों के लिए दंड का प्रावधान किया गया था। अदालत ने कहा कि राज्य इन विषयों पर इस्लामी कानून नहीं बना सकते, क्योंकि वे मलेशियाई संघीय कानून के अंतर्गत आते हैं।



### मलेशिया में दो स्तरीय कानून प्रणाली

मलेशिया में दो स्तरीय कानून प्रणाली है, जिसमें शरिया के तहत मुस्लिमों के व्यक्तिगत और पारिवारिक मामले आते हैं और सिविल कानून भी हैं। जातीय मलय, जिनमें से सभी को मलेशियाई कानून में मुस्लिम माना जाता है यह 3.3 करोड़ लोगों में से दो-तिहाई हैं। इस जनसंख्या में बड़ी आबादी में चीनी और भारतीय अल्पसंख्यक भी शामिल हैं।

### केलंतन में 97% मुस्लिम

केलंतन एक ग्रामीण पूर्वोत्तर राज्य है, जहां 97 फीसदी मुस्लिम रहते हैं। शुक्रवार को आया फैसला 2022 में केलंतन की दो मुस्लिम महिलाओं की ओर से दायर किया गया था। रूढ़िवादी पैन-मलेशियाई इस्लामिक पार्टी या PAS का राज्य पर 1990 से शासन है।

### नेतन्याहू का सेना को आदेश... रफाह खाली कराएं

# हमास को जल्दी करें खत्म

**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को रफाह से लोगों को निकालने के लिए योजना तैयार करने का आदेश दिया है। एक जमीनी हमले से पहले उनके कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। रफा दक्षिण गाजा पट्टी का शहर है। जहां अभी गाजा के तेरह लाख लोग रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुताबिक इस शहर में ज्यादातर वे लोग रह रहे हैं, जो गाजा के अन्य हिस्सों से निकाले गए हैं। नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) जल्द ही हमास के आखिरी गढ़ रफाह में जाएगा। आईडीएफ का अभियान जैसे ही उत्तर और मध्य गाजा की ओर आगे बढ़ा था तो कई फलस्तीनी नागरिक जान बचाते हुए भागकर इस शहर में आए थे। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगे कहां जाएंगे। क्योंकि रफा क्रॉसिंग से मिस्र की सीमा शुरू हो जाती है। लेकिन, मिस्र की ओर से महीनों से सीमा बंद है।



### प्रधानमंत्री कार्यालय ने क्या कहा

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि रफाह में हमास की चार बटालियों को खत्म किए बिना आतंकी संगठन को मिटाना असंभव है। दूसरी ओर रफा में बड़े पैमाने पर अभियान चलाने के लिए युद्ध क्षेत्रों से नागरिक आबादी को निकालने की जरूरत है। बयान में कहा गया है कि यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने आईडीएफ और रक्षा प्रतिष्ठान को निर्देश दिया है कि वे कैबिनेट में आबादी की निकासी और हमास की बटालियनों को खत्म करने के दोहरी योजना लाएं।

### फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने की आलोचना

वहीं, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में सैन्य योजना की आलोचना की। उन्होंने रफा से फिलिस्तीनी नागरिकों की निकासी एक असली खतरा बताया। बयान में कहा गया कि अब समय आ गया है कि हर कोई इस तबाही को रोकने के लिए कदम उठाए। यह पूरे क्षेत्र को अंतहीन युद्ध की ओर धकेल देगा। बता दें, इजराइल और हमास के बीच पिछले साल सात अक्टूबर को युद्ध शुरू हुआ था। हमास के हमलों में करीब 1,200 इजराइली नागरिक मारे गए थे। जबकि, ढाई सौ इजराइलियों को बंधक बना लिया गया था।

### बूढ़े हो गए बाइडेन बेटा कब मरा ये भी याद नहीं

# मिस्र के नेता को बताया मेक्सिको का राष्ट्रपति

**एजेंसी** | वाशिंगटन

बूढ़े हो गए, बेटा कब मरा याद नहीं... जैसे सवालों का जवाब देने आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मिस्र को मेक्सिको बता बैठे। बाइडेन ने घटती मेमोरी के आरोपों का खंडन करने के लिए प्रेस कांफ्रेंस की और उसमें भी कई गलतियां कर बैठे। गाजा पर सवाल-जवाब के दौरान आतंकी संगठन हमास का नाम भूल गए। अपनी याददाश्त को ठीक और बढ़ती उम्र को बेमतलब मुद्दा बताते हुए बाइडेन मेक्सिको के राष्ट्रपति का नाम भूल गए। अपनी मेमोरी का बचाव करते हुए बाइडेन ने मिस्र के नेता अब्देल फतह अल-सिसी को मेक्सिको का राष्ट्रपति बताने लगे। अपनी स्मृति को ठीक बताने के दौरान बाइडेन ने कहा कि हाल ही में वह फ्रांस के फ्रास्वां और जर्मनी के हेलमुट कोल से मिले थे। हालांकि, कई वर्ष पहले ही ये दोनों नेता मर चुके हैं।

उन्हें आसन्न राष्ट्रपति के चुनाव से पहले सामने आई जूडिशियल पैनल के स्पेशल काउंसल हूर की रिपोर्ट में राष्ट्रपति जो बाइडेन को गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग मामले में राहत मिल चुकी है।



## पाकिस्तान: तीन आतंकी की मौत

**कराची।** खैबर पख्तूनख्वा में हमले में तीन आतंकी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए।

### किस्मत हो तो ऐसी: भारतीय ने जीते 33 करोड़

# मुफ्त टिकट ने बनाया करोड़पति

**एजेंसी** | अबू धाबी

कुछ लोगों की किस्मत उन्हें रातों रात करोड़पति बना देती है। यूएई में रहने वाले एक भारतीय के साथ भी कुछ ऐसा हुआ है। यहां के रहने वाले राजीव अरिक्कट ने एक बड़ा इनाम जीता है। बिग टिकट अबू धाबी वीकली ड्रॉ के दौरान उन्होंने 15 मिलियन दिरहम जीते हैं। भारतीय मुद्रा में यह लगभग 33 करोड़ रुपए होते हैं। लेकिन इस जीत में एक बड़ा आश्चर्य भी है। वह ये कि जिस टिकट में उन्होंने यह धनराशि जीती उसे उन्होंने नहीं खरीदा था।

राजीव के टिकट की संख्या 037130 है। रैफल ड्रा संख्या 260 में उन्हें यह टिकट मुफ्त में मिला था। राजीव पिछले तीन वर्षों से बिग टिकट ड्रा में भाग ले रहे हैं। वर्तमान में वह अल ऐन में एक आर्किटेक्चरल फर्म में काम करते हैं। अपने घर में वह पत्नी और पांच और आठ साल के दो बच्चों के साथ रहते हैं।

जिस टिकट से उन्होंने यह जीता है वह उनके बच्चों की जन्मतिथि के नंबर वाला है। इतनी धनराशि जीतने की खुशी पर वह अभी भी यकीन नहीं कर पा रहे हैं।


### वैज्ञानिकों का निष्कर्ष

# रेडिएशन में कुत्तों ने दी कैंसर को मात

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

सबसे बड़े परमाणु हादसे के शिकाल चेर्नोबिल में कुत्तों ने कैंसर को मात दे दी। दरअसल, यहां रहने वाले आवारा भूरे भेड़ियों के झुंड में अब एक विशेष जेनेटिक बदलाव देखा गया है। एक नई रिसर्च में सामने आया है कि इस बदलाव ने उनकी कैंसर से बचने की संभावना को बढ़ाया है।

साल 1986 में एक बड़ी परमाणु आपदा इस क्षेत्र में हुई थी, जिसके बाद लोगों ने इस पूरे क्षेत्र को खाली कर दिया था, तब यहां कुत्ते रह गए। कई वर्षों से वैज्ञानिकों की ओर से इनकी निगरानी की जा रही है। ऐसा माना जाता है कि परमाणु आपदा के 35 साल बाद रेडिएशन ने जानवरों को कैंसर से बचने की संभावना बढ़ा दी है।



### भेड़िये कैंसर के प्रति लचीले

पिछले महीने वॉशिंगटन में एक जीव विज्ञान बैठक में शोधकर्ता ने अपने निष्कर्षों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि ये भेड़िये पीढ़ियों शरीर में रेडियोधर्मी कणों के होने के बावजूद जीवित रहते हैं। दुनिया की सबसे भयानक परमाणु दुर्घटना में कैंसर पैदा करने वाला रेडिएशन निकला, लेकिन उनके शोध से पता चलता है कि भेड़िए कैंसर के बढ़ते खतरों के प्रति काफी लचीले हैं। शोधकर्ताओं ने 2014 में चेर्नोबिल में परमाणु जोखिम के क्षेत्र से भेड़ियों के खून के सैंपल लाए थे।

### विशेष जीपीएस कॉलर का इस्तेमाल

जानवर कहां कितने रेडिएशन के संपर्क में हैं, इसका पता लगाने के लिए शोधकर्ता टीम ने विशेष जीपीएस कॉलर का इस्तेमाल किया। इसके निष्कर्षों से पता चला कि भूरे भेड़ियों को औसतन श्रमिक की कानूनी सीमा से छह गुना ज्यादा रेडिएशन का सामना करना पड़ता है। फिलहाल क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण शोधकर्ता वापस नहीं जा सके हैं। इस क्षेत्र में रहने वाले जानवरों के डीएनए में दुनिया भर के वैज्ञानिकों की दिलचस्पी है। इससे वैज्ञानिकों को इंसानों को कैंसर से बचाने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl